संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-171 मंगलवार, 23 अप्रैल 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# वेंकैया नायडू,मिथुन सहित 132 हस्तियों को पद्म पुरस्कार से नवाजा गया

## राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में देश की कई हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से किया गया सम्मानित






### राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली,22 अप्रैल 2024 (ए)।** राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक समेत कई अन्य दिग्गज हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किये। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एम वेंकैया नायडू, बिंदेश्वर पाठक और प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना पद्म सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया।. बिंदेश्वर पाठक को मरणोपरांत यह पुरस्कार दिया गया।

अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती,गायिका उषा उत्थुप,उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाइक और उद्योगपति सीताराम जिंदल को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री में प्रदान किया जाता है। ये पुरस्कार विभिन्न विषयों या गतिविधियों के क्षेत्रों में दिए जाते हैं जिनमें कला,सामाजिक कार्य,सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग,चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल, सिविल सेवा समेत अन्य क्षेत्र शामिल हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है. वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रपति ने 132 पद्म पुरस्कार प्रदान करने की मंजूरी दी थी, जिसमें दो युगल मामले (युगल मामले में पुरस्कार की गिनती एक के रूप में होती है) शामिल हैं।

इस सूची में पांच पद्म विभूषण,17 पद्म भूषण और 110 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार विजेताओं में से 30 महिलाएं हैं। इस सूची में विदेशी/अनिवासी भारतीय/भारतीय मूल के व्यक्ति/ओसीआई श्रेणी के आठ लोग और नौ मरणोपरांत पुरस्कार विजेता भी शामिल हैं। करीब आधे पुरस्कार विजेताओं को सोमवार को पुरस्कार प्रदान किए गए, शेष को अगले सप्ताह पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की संभावना है।

### पद्म विभूषण,पद्म भूषण और पद्म श्री क्यों दिए जाते हैं?

पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। पद्म भूषण के लिए उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्मश्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है। हर साल गणतंत्र दिवस के मौके पर पुरस्कारों की घोषणा की जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### अरविंद केजरीवाल को कोर्ट से झटका



#### वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए इलाज से जुड़ी याचिका खारिज

**नई दिल्ली,22 अप्रैल 2024 (ए)।** दिल्ली की शराब नीति केस में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आज सोमवार को कोर्ट से फिर एक बार झटका लगा। दरअसल दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका को खारिज कर दिया है। जिसमें अरविंद केजरीवाल ने जेल अधिकारियों को यह निर्देश देने के लिए कहा था कि वह सीएम को वक्त पर इंसुलिन देने का ख्याल रखें। साथ याचिका में उनकी शुगर के उतार-चढ़ाव से जुड़ी जानकारी और रखरखाव के लिए हर दिन 15 मिनट के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जांच और देखभाल की अनुमति मांगी गई थी

### सूरत लोकसभा सीट से मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित



**गांधीनगर,22 अप्रैल 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी का खाता खुल गया है. सूरत लोकसभा सीट से मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हो गए। आखिरी दिन निर्दलीय प्रत्याशियों के साथ बसपा प्रत्याशी प्यारे लाल भारती ने भी अपना नामांकन वापस लिया।

## चुनाव में कम वोटिंग पर ईसी ने जताई चिंता

### हीटवेव रिस्क को कम करने के लिए आईएमडीके साथ की मीटिंग

**नई दिल्ली,22 अप्रैल 2024 (ए)।** देश के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान और लू चलने का असर लोकसभा चुनाव में देखा जा रहा है। 19 अप्रैल को पहले फेज की वोटिंग हुई, भीषण गर्मी की वजह से कम वोटर्स बूथ तक पहुंचे। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए भी गर्मी और लू चलने का पूर्वानुमान जताया है। कम वोटिंग पर चुनाव आयोग ने चिंता जाहिर की है। हीटवेव रिस्क को कम करने के लिए चुनाव आयोग ने सोमवार को मौसम विभाग के अधिकारियों समेत कई स्टैक होल्डर्स के साथ हाई लेवल मीटिंग की।

इस बैठक में मौसम विभाग, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारियों ने हिस्सा लिया. मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ बैठक की अध्यक्षता की. अधिकतर राज्यों के सीईओ ने हीटवेव को लेकर इंतजामों को बेहतर करने का आश्वासन दिया है. दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है. लिहाजा बेहतर व्यवस्था के लिए राज्य सरकारें भी कदम उठाएंगी. ये जानकारी सूत्रों के हवाले से सामने आई है।




### चुनाव आयोग के साथ लगातार संपर्क में आईएमडी

मौसम विज्ञान के डायरेक्टर जनरल मृत्युंजय महापात्र ने कहा, आईएमडी चुनाव आयोग के साथ लगातार संपर्क में है। मौसमी पूर्वानुमानों के साथ हम मासिक, सप्ताह-वार और रोजमर्रा के पूर्वानुमान कर रहे हैं. उन्हें हीटवेव और ह्यूमिडिटी के पूर्वानुमान दे रहे हैं. हम ईसी को उन स्थानों के बारे में इनपुट और पूर्वानुमान दे रहे हैं, जहां कई चरणों में चुनाव होने वाले हैं.।



## अब अरुणाचल प्रदेश में पुनर्मतदान

**इम्फ ाल,22 अप्रैल 2024 (ए)।** भारत के चुनाव आयोग ने अरुणाचल प्रदेश के आठ मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान कराने का आदेश दिया है। यह आदेश 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के दौरान अरुणाचल प्रदेश में हुई झड़पों के बाद आया है। दरअसल, अरुणाचल में विधानसभा चुनाव के लिए भी 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। इस दौरान राज्य के 8 केंद्रो पर हिंसा और ईवीएम को नुकसान पहुंचाने की खबरें सामने आईं थीं।

उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी लिकेन कोयू ने कहा कि आयोग ने रविवार को एक आदेश में आठ मतदान केंद्रों पर मतदान को शून्य घोषित कर दिया और 24 अप्रैल को सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक दोबारा मतदान करने का आदेश दिया। बता दें कि पूर्वोत्तर राज्य में 60 सदस्यीय विधानसभा के लिए 50 विधायकों को चुनने के लिए कुल 8,92,694 मतदाताओं में से अनुमानित 76.44 प्रतिशत ने 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

### 8 केंद्रों पर होगा दोबारा मतदान?

- पूर्वी कामेंग जिले के बामेंग विधानसभा क्षेत्र में सारियो
- कुरुंग कुमेय में न्यापिन विधानसभा सीट के तहत लोंगटे लोथ
- ऊपरी सुबनसिरी जिले में नाचो निर्वाचन क्षेत्र के तहत डिंगसेर, बोगिया सियुम, जिम्बारी
- सियांग जिले के रुमगोंग विधानसभा क्षेत्र के तहत बोग्ने और मोलोम मतदान केंद्र



## आशीष मिश्रा पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

### जमानत शर्तों के उल्लंघन पर जानें क्या कहा?

**लखीमपुर,22 अप्रैल 2024 (ए)।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा टेनी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सख्त टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने आशीष मिश्र के अंतरिम जमानत की शर्तों के कथित उल्लंघन को साबित करने के लिए सामग्री दाखिल करने के लिए कहा है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर आशीष मिश्रा शारीरिक रूप से अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं, तो यह जमानत की शर्तों का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने वकील प्रशांत भूषण से केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को दी गई अंतरिम जमानत की शर्तों के कथित उल्लंघन को साबित करने के लिए सामग्री दाखिल करने को कहा। बता दें कि अक्टूबर 2021 में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में प्रदर्शनकारी किसानों को कुचलने से संबंधित मामले में मुख्य आशीष आरोपियों में से एक हैं।

## राज्य सरकारों को सीजेआई ने लगाई फटकार

### दिव्यांग के अधिकारों के लिए बनाए कानून को लागू करने में देरी करने का मामला

**दिल्ली,22 अप्रैल 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस बात पर अफसोस जताया कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 का कार्यान्वयन कानून लागू होने के पांच साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पूरे भारत में निराशाजनक बना हुआ है। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने दिव्यांग लोगों के अधिकारों के लिए बनाए गए कानून को देशभर में लागू करने में हो रही देरी पर निराशा जताई है और उन राज्य सरकारों को कड़ी फटकार लगाई है, जहां अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की खंडपीठ ने एक जनहित मामले की सुनवाई करते हुए टिप्पणी की कि



दिव्यांगों के अधिकारों से संबंधित एक्ट बने हुए पांच साल हो गए लेकिन अभी तक कई राज्य सरकारें हाथ पर हाथ धरे बैठी है। सीजेआई ने इस बात पर घोर निराशा जताई कि कई राज्यों ने अभी तक कमिश्नर भी नियुक्त नहीं किए हैं। बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, कई राज्यों ने अधिनियम के तहत नियम भी नहीं बनाए हैं, जिसे 6 महीने के भीतर पूरा कर लिया जाना था।

इसके साथ ही सीजेआई ने कहा कि जिन राज्यों ने विकलांगों के अधिकारों से संबंधित मामलों की देखरेख करने के लिए निःशक्तता आयुक्त नियुक्त नहीं किए हैं, वे तुरंत ऐसा करेंगे। राज्यों की मौजूदा स्थिति को रेखांकित करते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब, उत्तर प्रदेश और केंद्रशासित प्रदेश अंडमान और निकोबार ने अभी तक निःशक्तता आयुक्तों की नियुक्ति नहीं की है। उन्होंने आगे कहा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, केरल, मिजोरम, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, और केंद्र शासित प्रदेशों दमन दीव, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख ने अभी तक इस एक्ट की धारा 88 के तहत अलग से फंड आवंटन भी नहीं किया है। अरुणाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल में दिव्यांगों से जुड़े मामलों की त्वरित सुनवाई करने के लिए न तो विशेष अदालतें बनाई जा सकी हैं और न ही लोक अभियोजक तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ और केंद्रशासित प्रदेश दमन दीव में अदालत तो है लेकिन लोक अभियोजक नहीं हैं, जबकि छत्तीसगढ़ में मूल्यांकन बोर्ड का गठन नहीं किया जा सका है।



## लोकसभा चुनाव के बीच ममता सरकार को बड़ा झटका

### हाईकोर्ट ने रद्द की 24,000 स्कूल टीचर्स की भर्ती

**कोलकाता,22 अप्रैल 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव के बीच पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को कलकत्ता हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग पैनल द्वारा की गई स्कूल शिक्षक भर्ती रद्द कर दी है। हाईकोर्ट ने 2016 का पूरा जॉब पैनल रद्द कर दिया है और लगभग 24 हजार नौकरियां हाई कोर्ट ने रद्द कर दीं। इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपये की घूस लेने तक की आरोप हैं।

## बारात के दिन दूल्हे वाले फरार

### फोर्स लेकर पहुंची थी उसकी प्रेमिका

**गोरखपुर,22 अप्रैल 2024 (ए)।** गोरखपुर के कैंपियरगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती को संतकबीरनगर जनपद के मेंहदावल थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक ने अपने प्रेम जाल में फंसाया। शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया। शादी के नाम पर टालमटोल करता रहा। प्रेमिका से पीछा छुड़ाने के लिए उसने अपनी शादी भी तय कर ली। रविवार को उसकी बारात निकलने वाली थी। इससे पहले प्रेमिका ने आरोपित प्रेमी के खिलाफ कैम्पियरगंज थाने में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराकर पुलिस के साथ उसके घर पहुंच गई। पुलिस के आने की खबर से पूरा परिवार फरार हो गया। प्रकरण से संबंधित जानकारी प्रेमिका ने सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया है।



युवती ने बताया कि मेंहदावल थाना क्षेत्र के भौरा गांव निवासी अभिषेक नाथ पाठक ने बीते वर्ष 2014 में मुझे अपने प्रेम संबंध में फंसा लिया। युवती का आरोप है कि प्रेमी ने उससे कई बार शारीरिक संबंध बनाए। युवक के परिवार के सदस्यों को कई बार उसने अपने संबंध की जानकारी भी दी। युवती से शादी करने से इनकार करते हुए युवक उससे दुर्व्यवहार करने लगा। रविवार को युवक दूसरी युवती से शादी करने जा रहा था। पीड़िता ने कैम्पियरगंज थाने में अभिषेक नाथ पाठक के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस के साथ उसके घर पहुंच गई। यह प्रकरण कैम्पियरगंज व मेंहदावल में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## चारधाम हेतु पंजीकरण का टूटा रिकॉर्ड

### एक हफ्ते में 12.48 लाख श्रद्धालुओं ने कराया रजिस्ट्रेशन

**देहरादून,22 अप्रैल 2024 (ए)।** उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा इस साल 10 मई से शुरू हो रही है। इसके लिए पर्यटन विभाग ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। इस साल चारधाम यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों के पंजीकरण का रिकॉर्ड टूट रहा है। इस साल महज सात दिनो में पंजीकरण की संख्या 12.48 लाख पहुंच गई है। पिछले साल एक सप्ताह में लगभग चार लाख यात्रियों ने पंजीकरण किया था।




पर्यटन विभाग ने चारधाम यात्रा में देश-दुनिया से आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए 15 अप्रैल से पंजीकरण शुरू किया था। रविवार को एक लाख से अधिक यात्रियों ने बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री और हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए पंजीकरण कराया।पर्यटन विभाग के अनुसार अब तक 12.48 लाख यात्री पंजीकरण करा चुके हैं।

## महिला पुलिस अधिकारी निलंबित

### ड्यूटी के समय लोकसभा उम्मीदवार को गले लगाने का आरोप

**हैदराबाद,22 अप्रैल 2024 (ए)।** हैदराबाद के पुलिस आयुक्त के. श्रीनिवास रेड्डी ने हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के. माधवी लता को गले लगाने वाली एएसआई को निलंबित कर दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में, सैदाबाद थाने की एएसआई उमा देवी भाजपा उम्मीदवार माधवी लता से हाथ मिलाते और उन्हें गले लगाते देखी गईं। जब भाजपा नेता सैदाबाद थाने की सीमा के अंतर्गत एक क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रही थीं, तब पुलिस अधिकारी वर्दी में ड्यूटी पर थीं। पुलिस आयुक्त ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में पुलिस अधिकारी को निलंबित कर दिया।



माधवी लता ने पिछले सप्ताह रामनवमी पर निकाले गए जुलूस के दौरान कथित रूप से एक मस्जिद की ओर काल्पनिक तीर चलाकर विवाद पैदा कर दिया था। पुलिस ने उनके खिलाफ अपने भड़काऊ हाव-भाव से एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मामला दर्ज किया है। शेख इमरान की शिकायत पर उनके खिलाफ बेगम बाजार थाने में मामला दर्ज किया गया है। उन पर धारा 295-ए (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्य, जिसका उद्देश्य किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना है) और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 125 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## संपादकीय

### न्यायिक गरिमा को अक्षुण्ण रखने का आह्वान

अब की बार पूर्व न्यायाधीशों ने न्यायपालिका को अनावश्यक दबाव से बचाने के लिए देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को एक पत्र लिखा है। सुप्रीम कोर्ट के चार और हाई कोर्ट के 17 पूर्व न्यायाधीशों ने किसी का नामोल्लेख किए बिना आरोप लगाया है कि कुछ लोग यानी वकील अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों एवं व्यक्तिगत लाभों से प्रेरित होकर न्यायिक संस्था को कमजोर करने में लगे हैं'। जस्टिस चंद्रचूड़ से ऐसे तत्वों के झांसे में न आकर न्यायिक गरिमा को अक्षुण्ण रखने का आह्वान किया गया है।इसी तरह की भाषा-शैली में आज से तीन हफ्ते पहले सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालयों के 600 अधिवक्ताओं, जिनमें हरीश साल्वे जैसे दिग्गज शामिल थे, ने जस्टिस चंद्रचूड़ को एक पत्र लिखा था। इसमें भी न्यायपालिका के सामने आ रही वैसी ही कठिनाइयों का जिक्र किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसकी जड़ कांग्रेस की प्रतिबद्ध न्यायपालिका बनाने की मानसिकता' में बताया था तो उजागर हुआ था कि पत्र का ताल्लुक कांग्रेसी विचारधारा के अधिवक्ताओं से है, जो पीठ या न्यायाधीशों पर मनमाफिक फैसले के लिए अनुचित दबाव और प्रभाव' डालते हैं। पत्र पर दस्तखत करने वाले जस्टिस ढींगरा ने एक इंटरव्यू में कपिल सिब्बल का नाम लेते हुए कहा है कि वे मामले में पैरवी के दौरान केस की मेरिट पर दलीलें न देकर कहने लगते हैं कि अगर इसे छोड़ा नहीं गया तो बवाल हो जाएगा' आदि।

# मतदाता की बेरुखी लोकतंत्र के लिए नहीं हैं अच्छे संकेत

### मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता...आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया है...वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है...

18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण की 102 सीटों के लिए मतदान के प्रति मतदाताओं की उदासीनता ने निराश ही किया है। आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी मतदान प्रतिशत बढ़ने के स्थान पर कम होना निश्चित रुप से किसी भी रुप में लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। चुनाव आयोग के लाख प्रयासों के बावजूद मतदान प्रतिशत कम होना निश्चित रुप से सोचने को मजबूर कर देता है। चुनाव आयोग से पहले चरण के मतदान के प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया जाये तो साफ हो जाता है कि 2019 की तुलना में दो प्रतिशत तक मतदान प्रतिशत में गिरावट आई है। हांलाकि त्रिपुरा और सिक्किम में मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत को छूने में सफल रहा है पर वहां भी 2019 की तुलना में कम है। त्रिपुरा में 2019 के 81.9 प्रतिशत की तुलना में 81.5 प्रतिशत और सिक्किम में 84.8 प्रतिशत की तुलना में 80 प्रतिषत मतदान रहा है। पहले चरण के चुनावों में मतदान का सबसे कम प्रतिशत बिहार का रहा है जहां मतदान का आंकड़ा 50 प्रतिषत को भी छू नहीं पाया है। छत्तीसगढ़ में अवश्य 2019 की तुलना में एक प्रतिशत से कुछ अधिक मतदान रहा है। जहां तक राजस्थान का प्रश्न है 12 सीटों पर हुए मतदान में मतदान प्रतिषत में 6 फीसदी की गिरावट रही हैं। सभी सीटों पर मतदान का प्रतिषत 2019 की तुलना में कम रहे हैं। हांलाकि चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ें आरंभिक सूचना के आधार पर है पर इनमें कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। मजे की बात यह है कि पहले चरण में लोकसभा की 543 सीटों में से 20 प्रतिशत से कुछ कम 102 सीटों पर मतदान हो चुका हैं। यदि मतदाताओं का अगले चार चरणों के मतदान में भी यही रुख रहता है तो यह चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, लोकतांत्रिक व्यवस्था, गैरसरकारी संगठनों सहित सभी के लिए चिंतनीय हो जाता है।

मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है। आज मतदाताओं को किसी राजनीतिक दल पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। एक मतदान केन्द्र पर एक सीमा तक ही मतदाता होने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सभी तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। अब तो मतदाता को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता क्रमांक से लेकर मतदान केन्द्र तक की जानकारी का समावेश करते हुए परची उपलब्ध कराई जाती है।




सीनियर सिटिजन और मतदान केन्द्र तक जाने में अक्षम मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई है। मतदाताओं को जागृत करने के लिए प्रचार के सभी माध्यम यहां तक कि सोशियल मीडिया का उपयोग किया जाने लगा है। मतदान को निष्पक्ष और भयमुक्त कराने के लिए संपूर्ण व्यवस्था चाक चोबंद की जाती है। राजनीतिक दलों और उम्मीद्वारों की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जाती है। यहां तक कि उम्मीद्वार से संबंधित जानकारी साझा की जाती है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था होती है। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा यह नहीं भूलना चाहिए कि साक्षरता और लोगों में जागरुकता आई है। चुनाव आयोग के अलग अलग ऑब्जरवर द्वारा पूरी व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जाती है ताकि राजनीतिक दलों या उम्मीद्वारों द्वारा मतदाताओं को किसी भी गलत तरीके से प्रभावित नहीं किया जा सके। इस सबके बावजूद मतदान कम होना गंभीर हो जाता है।

लोकसभा के पहले चुनाव 1952 में 44.87 प्रतिशत मतदान रहा था जो सर्वाधिक 67.40 प्रतिशत 2019 के 17 वीं लोकसभा के चुनाव में रहा। मतदान में उतार चढ़ाव तो देखा जाता रहा है पर चुनाव व्यवस्था के सरलीकरण, पारदर्शिता, निष्पक्ष चुनाव की चाकचोबंद व्यवस्था, ग्रामीण और शहरी सभी क्षेत्रों में साक्षरता में बढ़ोतरी के बावजूद यदि मतदान प्रतिशत 90 के आंकड़ें को भी नहीं छूता है तो यह घोर निराशाजनक है। हांलाकि आजादी के बाद सर्वाधिक मतदान 1984 के 64.01 के आंकड़ें को 2014 में पीछे छोड़ा गया पर 2019 के पहले चरण के मतदान से निराशा ही हाथ लगी है। आखिर शिक्षित मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इतना गैरजिम्मेदार कैसे हो रहा है। सब कुछ को अलग कर दिया जाये तो भी इस बात से नहीं नकारा जा सकता कि देश के नागरिक का भी अपने देश के प्रति लोकतंत्र के प्रति दायित्व होता है। आखिर हम सरकार की आलोचना करने में तो पीछे नहीं रहते पर कभी हमने सोचा है क्या कि हम मताधिकार का उपयोग करने के अपने दायित्व को नहीं समझ पाते हैं। अपनी सरकार चुनने के अवसर पर हम हमारे दायित्व को कैसे भूल जाते हैं। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पीण भी अपने आप में गंभीर हो जाती है। भारत जैसे देश के आम नागरिकों द्वारा इस तरह से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी हिस्सेदारी नहीं निभाना किसी अपराध से कम नहीं माना जाना चाहिए। हमें गर्व होता है कि हमारे देश का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। पर हमें उस समय नीचे देखने को भी मजबूर होना पड़ता है जब इतने बड़े लोकतंत्र के पर्व पर आमनागरिक अपने दायित्व को समझने और उसे पूरा करने की भूल कर बैठता है और मताधिकार का उपयोग नहीं कर व्यवस्था को ठेंगा बताने का प्रयास करते हैं। मेरा तो यहां तक मानना है कि नोटा का प्रयोग भी सही विकल्प नहीं है वहीं मतदान का बहिष्कार तो देशद्रोह से कम अपराध नहीं माना जाना चाहिए। चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, सर्वोच्च न्यायालय, सरकार गैरसरकारी संगठनों और समाज के प्रबुद्ध जनों को सोचना होगा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी आहुति देने के काम से मुहं मोड़ने वालों के प्रति कोई सख्त कदम जैसा प्रावधान होना ही चाहिए। कोई ना कोई ऐसा संदेश जाना चाहिए ताकि लोग मतदान के प्रति संवेदनशील हो और मतदान अवश्य करें। यह समूची व्यवस्था को ही सोचने को मजबूर कर देता है। आने वाले चार चरणों में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदाता हिस्सा ले इसके लिए सभी स्तर पर समन्वित प्रयास किये जाने की आवश्यकता है।

**-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा-**




## मतदान के सात चरण...

## आठवां चरण मतदाता का

संसार में सात अजूबे हैं और संयोग से इस बार भारत में मतदान भी सात चरण में होगा। संसार में आठवां अजूबा भले न खोजा गया हो लेकिन भारत में मतदाता ही आठवां अजूबा है जिसके बारे में कभी भी सटीक भविष्यवाणी नहीं की जा सकती है कि वह वोट देते समय किस आधार पर वोटिंग करेगा।

एक बार अनौपचारिक चर्चा में पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने कहा था कि इस देश का आम मतदाता जिसे हम गंवार, देहाती या कम समझवाला समझते हैं, उससे अधिक समझदार कोई है ही नहीं। उसका सामूहिक निर्णय सदैव सटीक होता है जो देश को हमेशा नयी दिशा देता है। विचारधारा की राजनीति भले ही देश पर थोपने की कोशिश की गयी हो लेकिन भारत का आम मतदाता इससे कभी बहुत प्रभावित नहीं रहा है। उसने समय और परिस्थिति के अनुसार ही निर्णय लिया है और उसकी सामूहिक समझ वैचारिक बुद्धिजीवियों के विश्लेषण पर सदैव भारी पड़ी है।

दस साल पहले 2014 में नरेन्द्र मोदी इतने प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने जा रहे हैं इसका अनुमान उन पत्रकारों और बुद्धिजीवियों को भी नहीं था जिन्हें यह भ्रम होता है कि वो देश के लोक मानस का सटीक आकलन कर सकते हैं। मोदी की सरकार बन जाने के बाद भी बहुत लंबा समय लगा बुद्धिजीवियों को यह समझने में कि मोदी को इतनी प्रचंड जीत मिली तो आखिर क्यों मिली? इस जीत में कम्युनिस्ट बुद्धिजीवियों और उनके प्रभाव में राजनीति करनेवाले नेताओं को हिन्दू मुस्लिम द्वंद नजर आया। यह एक फैक्टर जरूर था लेकिन मोदी का दस साल का कार्यकाल देखने के बाद यह कहा जा सकता है कि देश की बहुसंख्यक जनता ने एक ऐसे शासक को चुना जो कठोरता से निर्णय ले सकता है। आज से दस साल पहले राजनीति में जिस तरह की सांप्रदायिकता घुस चुकी थी, आज दस साल में ही उसका बहुत हद तक अंत हो गया है। फिर मोदी ने नोटबंदी, धारा 370 से लेकर कोरोना लॉकडाउन तक ऐसे ऐसे कठोर निर्णय लिये जो किसी अन्य नेता के बूते की बात नहीं थी।

इससे पहले के इतिहास में जाएंगे तो हम यही पायेंगे कि इस देश का सामान्य मतदाता अस्थिर चित्त नहीं है। उसकी जो सामूहिक चेतना है वह आश्चर्यजनक रूप से एक समय में लगभग एक जैसा ही सोच रही होती है। नेहरु, इंदिरा, राजीव हों या फिर अटल बिहारी और नरेन्द्र मोदी। जनता ने किसी का समर्थन किया है तो उसके पीछे उसकी सामूहिक सोच काम कर रही होती है। उस काल में उससे बेहतर कोई और दूसरा विकल्प हो ही नहीं सकता था, इसलिए बहुसंख्य जनता ने उसे ही अपना समर्थन दिया। नब्बे का दशक जरूर भारत का राजनीतिक रूप से सबसे अस्थिर दशक था। लेकिन इस दशक की अस्थिरता के लिए अस्सी के दशक में वीपी सिंह द्वारा दिया गया अस्थिर नेतृत्व भी जिम्मेवार था। राजीव गांधी सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप थे और उस भ्रष्टाचार के खिलाफ वीपी सिंह बतौर नेता खड़े किये गये थे। लेकिन जल्द ही समझ में आ गया कि उनका नेतृत्व कमजोर है। वो आनन फानन में बने जनता दल को ही बचाकर नहीं रख पाये। फिर आर्थिक प्रशासनिक सुधार के बजाय उन्होंने सामाजिक सुधार का रास्ता पकड़ लिया जिसकी किसी ने उनसे उम्मीद ही नहीं की थी। इसलिए वीपी सिंह गये तो अपने पीछे एक भारी उथल पुथल छोड़ गये। नरसिंहराव देश की जनता की पसंद नहीं थे। वो राजीव गांधी की मौत से उभरे शून्य को भरने आये थे। उनके बाद एचडी देवेगौड़ा, इंद्र कुमार गुजराल के छोटे कार्यकाल हों या अटल बिहारी वाजपेयी का 6 साल का कार्यकाल। सबसे सामने एक ही संकट था कि उन्हें स्थिर सरकार देनी है जिसे दो बार असफल होने के बाद आखिरकार तीसरी बार अटल बिहारी वाजपेयी ही दे पाये। उसके बाद मनमोहन सिंह ने गठबंधन के दस साल और मोदी ने एक पार्टी बहुमत में दस साल की सरकारों का नेतृत्व किया। अगर हम आम चुनावों का विश्लेषण करें तो समझ आता है कि जनता एक प्रकार की परिस्थिति को दूसरे प्रकार की परिस्थिति से बदलने का प्रयास करती है। इसमें पार्टी की ओर से बनाये गये प्रधानमंत्री का आचरण और व्यवहार बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए हर जाते प्रधानमंत्री के बाद जो आता हुआ प्रधानमंत्री होता है वह पिछले का विकल्प ही नजर आता है। जैसे नरसिंहराव, देवेगौड़ा जैसे कम बोलनेवाले प्रधानमंत्रियों के दौर में अटल बिहारी वाजपेयी जैसे ओजस्वी वक्ता प्रधानमंत्री के रूप में एक स्वाभाविक विकल्प नजर आये तो जनता ने उन्हें अपना नेता मान लिया।

**-संजय तिवारी-**

# आकर्षण समाज के हर वर्ग में हैं

इस समय लोक सभा चुनाव को लेकर कई तरह के मत हमारे सामने आ रहे हैं। सबसे प्रबल मत यह है कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अपने सहयोगी दलों के साथ तीसरी बार भारी बहुमत से सरकार में लौट रही है।कुछ लोग प्रधानमंत्री के 370 भाजपा के और सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें मिलने तक की भी भविष्यवाणी करने लगे हैं। दूसरी ओर, विपक्ष इसे खारिज करते हुए कहता है कि भाजपा चुनाव हार रही है और वह 200 सीटों से नीचे चली पाएगी।विपक्ष भाजपा की आलोचना करती है, नरेन्द्र मोदी पर सीधे प्रहार भी करती है, पर अपने समर्थकों और भाजपा विरोधियों के अंदर भी विश्वास नहीं दिला पाती कि वाकई वह भाजपा से सत्ता छीनने की स्थिति में चुनाव लड़ रहे हैं। आईएनडीआईए गठबंधन (इंडिया) की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस से नेताओं के छोड़कर जाने का कायम सिलसिला इस बात का प्रमाण है कि पार्टी के अंदर कैसी निराशा और हताशा है। तो फिर इस चुनाव का सच क्या हो सकता है? आखिर 4 जून का परिणाम क्या तस्वीर पेश कर सकता है? इस चुनाव की एक विडंबना और है। भाजपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों का एक वर्ग स्वयं निराशाजनक बातें करता है।व्यक्तिगत स्तर पर मेरी ऐसे अनेक लोगों से बातें होती हैं, जो चुनाव में जमीन पर हैं या वहां होकर लौट रहे हैं। इनमें ऐसे लोगों की संख्या बड़ी है जिनमें उत्साह या आशावाद का भाव न के बराबर मिलता है। वे बताते हैं कि जैसी दिल्ली में या बाहर हवा दिखती है धरातल पर वैसी स्थिति नहीं है। जब उनसे प्रश्न करिए कि धरातल की स्थिति क्या है तो सबके उत्तर में कुछ सामान बातें समाहित होती हैं, गलत उम्मीदवार के कारण लोगों के अंदर गुस्सा या निराशा है, गठबंधन को सीट देने के कारण अपने लोगों के अंदर निराशा है, गठबंधन ने ऐसे उम्मीदवार खड़े किए हैं जिनका बचाव करना या जिनके लिए काम करना भाजपा के कार्यकर्ताओं के लिए कठिन हो गया है आदि। कुछ लोग अनेक क्षेत्रों में जातीय समीकरण की समस्या का उल्लेख भी करते हैं। एक समूह यह कहता है कि आम कार्यकर्ताओं और नेताओं की सरकार में उपेक्षा हुई है, उनके काम नहीं हुए हैं, उनको महत्त्व नहीं मिला है और अब लोगों का धैर्य चूक रहा है।यहां तक कि जिस तरह के लोगों को पुरस्कार, पद, प्रतिष्ठा या टिकट दिया गया है उनसे भी लोग असहमति व्यक्त करते हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं समर्थकों के साथ विपक्ष की बातों को मिला दिया जाए तो निष्कर्ष यही आएगा कि भले भाजपा 400 पार का नारा दे, लेकिन यह हवा हवाई ही है। किंतु क्या यही 2024 लोक सभा चुनाव की वास्तविक स्थिति है? यह बात सही है कि अनेक राज्यों, जिनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल आदि को शामिल किया जा सकता है वहां पार्टी के अंदर कई जगह उम्मीदवारों को लेकर विरोध है। कुछ उपयुक्त लोगों को टिकट न मिलना तथा ऐसे सांसदों को फिर से उतारना जिनको लेकर कार्यकर्ता नाराजगी प्रकट करते रहे हैं विरोध का एक बड़ा कारण है। साथी दलों ने भी भाजपा के लिए समस्याएं पैदा की है। उदाहरण के लिए बिहार में लोजपा ने ऐसे उम्मीदवार उतारे जो परिवारवाद का साक्षात प्रमाण है और भाजपा के लोगों के लिए इनका बचाव करना कठिन है।कुछ साथी दलों ने प्रभाविता और साक्षमता की जगह व्यक्तिगत संबंध और परिवार को टिकट देने में प्रमुखता दिया। बिहार के जमुई में प्रधानमंत्री मोदी स्वयं प्रचार के लिए गए और वहां भाजपा के लोगों ने पूरी ताकत लगाई। इसका असर भी हुआ। बावजूद यह प्रश्न किया जा रहा है कि किसी नेता के बहनोई या 26 साल की एक लड़की को, जिसके पिता साथी दल में नेता हैं उनको हम अपना नेता या प्रतिनिधि मानकर कैसे काम करें? स्वर्गीय रामविलास पासवान की राजनीति परिवार के इर्द-गिर्द सिमटी रही। जद (यू) की ओर से भी ऐसे कई उम्मीदवार हैं, जिन्हें भाजपा और राजग के परंपरागत कार्यकर्ता और समर्थक स्वीकार नहीं कर रहे। भाजपा के भी कुछ ऐसे उम्मीदवार हैं, जिनके बारे में नेता कार्यकर्ता कह रहे हैं कि हम पर उन्हें थोप दिया गया है। झारखंड में भी बाहर से लाकर टिकट देने और ऐसे उम्मीदवार को खड़ा करने, जिनको भाजपा पहले नकार चुकी हो समस्या पैदा कर रही है। किंतु इसका यह अर्थ नहीं कि 4 जून का परिणाम भी इसी के अनुरूप आएगा।यह सही है कि अगर भाजपा और राजग में उम्मीदवारों के चयन में ज्यादा सतर्कता बरती जाती, स्थानीय नेतृत्व के चयन की सही तरीके से जांच होती तो स्थिति पूरी तरह वैसी ही उत्साहप्रद होती जैसी चाहिए। बावजूद देशव्यापी व्याप्त अंतर्धारा क्या है? 10 वर्षो की नरेन्द्र मोदी सरकार का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री की स्वयं की छवि, वर्षो तक संगठन परिवार द्वारा हिंदू समाज के बीच किए गए सकारात्मक कार्य, 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, विरोधियों द्वारा हिन्दुत्व को लेकर उपेक्षा या प्रहार का व्यवहार तथा अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों का वोट लेने के लिए विपक्षी दलों की प्रतिस्पर्धा भाजपा के पक्ष में ऐसा आधार बनाती है जिसका कोई विकल्प नहीं। भाजपा के समर्थकों में एक बड़ा वर्ग विचारधारा के कारण जुड़ाव रखता है और पिछले कुछ वर्षो के कायरे के कारण हिन्दुओं के अंदर हिन्दुत्व एवं भारतीय राष्ट्रभाव की चेतना प्रबल हुई है।वह बहस करते हैं कि आखिर भाजपा नहीं होती तो क्या अयोध्या में राम मंदिर बनता और ऐसी प्राण प्रतिष्ठा होती? वे धारा 370 से लेकर समान नागरिक संहिता, तीन तलाक कानून, नागरिकता संशोधन कानून आदि की चर्चा करते हैं। नागरिकता संशोधन कानून का तो आईएनडीआईए के ज्यादातर दलों ने विरोध किया है। उन्हें लगता है कि घातक अल्पसंख्यकवाद पर अगर किसी पार्टी की सरकार द्वारा नियंत्रण लगा है तो भाजपा ही है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रभावों के कारण जिन माफियाओं पर सरकारें उनके समुदाय के कारण हाथ डालने से बचती थी, वे मटियामेट हुए हैं, सड़कों पर नमाज पढ़ना बंद हुआ है। स्वाभाविक ही उन्हें लगता है कि आने वाले समय में कोई पार्टी अगर इन सब पर काम कर सकती है तो वह भाजपा ही है। दूसरी ओर सामाजिक न्याय एवं विकास को मोदी सरकार ने जिस तरह से व्यावहारिक रूप दिया है उसका बड़ा आकषर्ण समाज के हर वर्ग में है।

**-अवधेश कुमार-**

# भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी की लड़ाई की धार भोथरी क्यों

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी हर चुनावी सभा में कह रहे हैं कि वह भ्रष्टाचारियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजेंगे, फिर वह कोई कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति क्यों न हो । हालांकि चुनावों के दौरान उन्होंने जिस तरह कांग्रेस और अन्य दलों के दागियों के लिए भाजपा के दरवाजे खोले हैं, उससे उनकी करनी और कथनी में अंतर साफ़ दिखाई देता है।

कांग्रेस के जिन नेताओं के खिलाफ भाजपा के बड़े बड़े नेता बोलते रहे, उन पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाते रहे, वे अब भाजपा के नेता हो चुके हैं यहाँ तक कि उनमें से कुछ तो ऐसे भी हैं, जिनके खिलाफ पिछले चुनावों में खुद नरेंद्र मोदी ने बड़े आरोप लगाए थे। बड़ी तादाद में ऐसे कांग्रेसियों के लिए भाजपा के दरवाजे खुलने से नरेंद्र मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के दावे में खोखलापन दिखाई देता है।

विपक्ष के नेता ऐसे कई नेताओं के नाम भी गिनाते हैं, हालांकि जब वे कांग्रेस के पूर्व नेताओं की तरफ उंगली उठाते हैं, तो उनकी चार उंगलियाँ खुद की तरफ होती हैं,जो पूछ रही होती हैं कि जब वे कांग्रेस में थे,तो क्या दूध के धुले थे। कहने का मतलब है कि जब कोई दागी सामने वाली पार्टी में होता है तो उस पर उंगली उठाई जाती है, लेकिन जब वह खुद की पार्टी में होता है, तो चुप्पी साध ली जाती है। भ्रष्टाचारियों के लिए दरवाजे खोल देने के बाद नरेंद्र मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई भोथरी हो गई है। चुनाव की शुरुआत में भाजपा को भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ लड़ाई का जितना लाभ होता दिख रहा था, वह अब उतना नहीं रहा, क्योंकि खुद भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता भ्रष्टाचारियों की भीड़ से खुद को शर्मिंदा महसूस करने लगे हैं

**-अजय सेतिया-**






श्याम सुंदर साहू
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

### कुछ करके दिखाना है

आज हारे हैं तो क्या हुआ
कल जीतकर दिखाना है
बुलंद हौसला है मन मे
कुछ करके दिखाना है।
अगर वक्त खराब है तो
बदल कर दिखाना है
ये जिंदगी मिली है तो
कुछ करके दिखाना है।
कड़ी मेहनत करके
मंजिल को पाना है
सपनों को उड़ान देना है
कुछ करके दिखाना है।
चाहे तिरस्कार सहना पड़े
निरंतर आगे बढ़ना है
चाहे लाख ठोकरें खाने पड़े
कुछ करके दिखाना है।
परिश्रम का हाथ पकड़ कर
सफलता के राह पर चलना है
परिस्थितियां चाहे जो भी रहे
कुछ करके दिखाना है।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

### हनुमान जयंती विशेष प्रार्थना




मोनिका डागा आनंद ,
चेन्नई,
तमिलनाडु

महें तो करूं थारो गुणगान,लेकर सीयाराम जी रो नाम
बाबो महारा अटक्या कारज बेगा पार लगा सीज्ज
चैत सुदी पूनम ने प्रगट्यो, अंजनी माता रो ओ लाल,
केसरी नंदन, पवन पुत्र, बजरंगबली थोरा प्यारा नाम,
भोले शंकर रो हो अवतार, थे तो महाबली हनुमान
जय हो कपि श्रेष्ठ मारूति राभ भक्त बलवान,
महें तो करूं थारो गुणगान
थे करो श्री राम सीया री भक्ति, थामें है बड़ी विलक्षण शक्ति,
हाथ में थौरे व्रज और गदा साजे, लाल ध्वजा आ सोहणी विराजे,
नव ग्रह भी थर-थर कांपे,भूत प्रेत थौरे नाम सुं दूर भागे,
जागृत है कलिकाल में देव एक महान,
महें तो करूं थारो गुणगान
अशोक वाटिका में सीता माता हर्षाई, जब थे तो राम नाम री धुन गाई,
लक्ष्मण जी रा प्राण संकट सुं बचाया , थे संजीवनी पर्वत उठा ले आया,
पृथ्वी पर राक्षसों को पटक-पटक धना धन थे मारया,
फेर लंका में भीषण युद्ध हुयो बड़ों घमासान,
महें तो करूं थारो गुणगान
मैं तेल सिंदूर घणों चढ़ाऊं, बूंदी,बेसन रा लाड्डू भोग लगाऊं,
झांझ, मंजीरा झूम-झूम बजाऊं, तुलसी दल, बीड़ों सागे चढ़ाऊं,
जगत में बड़ो है नाम, जय हो हं हं हं हनुमान,
थोरा गुरु है परम तेजस्वी सूर्य देव भगवान,
महें तो करूं थारो गुणगान
म्हारा दुखड़ा बाबा सुनाऊं, थारी मनोरथ मैं प्रेम सुं गाऊं,
शरण थौरी मैं आयो, चरणों में श्रद्धा सुं शीश नवायो,
क्षमा करो म्हारा अपराध, जय हो कृपा निधान,
दीजो सुख-संपत्ति, बल, बुद्धि और आत्म ज्ञान,
महें तो करूं थारो गुणगान

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना





कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम
गांधीनगर, इन्दौर,मध्यप्रदेश

### देवलोक मुस्काया

लोटे में जल भरें पवनसुत,
और भोले पर ढुलकाया,
देख नयन से सारा मंजर,
देवलोक भी मुस्काया ।
लोटे में ...
घिस-घिस कर चंदन की लकड़ी,
शिव मस्तक पर लपटाया,
मुट्ठी में भर कर चांवल फिर,
हैं भोले को नहलाया।
लोटे में ...
मारूति नें पल में देखो,
भोले का मन मोह लिया,
करी साधना भोले की तो,
जन-जन से नाता जोड़ लिया।
लोटे में ......
बजरंगी जो छुपे हुए हैं,
भोले के सब रूपों में,
करो साधना इनकी तुम-भी,
भोले पार लगाते हैं।
लोटे में ...
सतयुग,द्वापर या त्रेता हो,
सब भोले की माया है,
हर्षित होते भोले पवनसुत,
और जीवन महकाया है।
लोटे में ....

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



अशोक पटेल आशु
तुस्मा,
शिवरीनारायन
छत्तीसगढ़

### छत्तीसगढ़ के बासी

छत्तीसगढ़ के पेजहा-बासी
अमसूरहा आमा-अथान हे,
छप्पन भोग हर जुच्छा लागे
जइसे इही म बसे परान हे।
छत्तीसगढ़ के चटनी-भाजी
जेमा छत्तीस ठन मिठास हे,
तरकारी हर सिट्ठा कस लागे
इहिच मा गजब के स्वाद हे।
छत्तीसगढ़ के बरी-बिजौरी
चेंच-भाजी के आउ साग हे,
डुबकी-घारी, निचट मिठाथे
जइसे लागे छप्पन स्वाद हे।
छत्तीसगढ़ के नान्हे-लइका
राम-कृष्ण , अउ बलराम हे,
इहाँ के सियान बाबू-भईया
अउ वसुदेव-दसरथ समान हे।
छत्तीसगढ़ के मोर गंवई-गांव
लागे अयोध्या-गोकुल-धाम हे,
इहाँ के मंदिर देव-देवाला मन
जईसे लागथे चारो-धाम हे।
छत्तीसगढ़ के नदिया-नरवा
गंगा कस बोहे पावन-धार हे,
इहाँ के तरिया घाट-घठोंधा
देवता के चरण-कुंड दुवार हे।
छत्तीसगढ़ के तुलसी-चौरा
सालिग देव हर विराजमान हे,
संझा-बिहानिया होवय आरती
लागय अंगना तीरथ-समान हे।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



लक्ष्मी नारायण सेन
खुटेरी फिंगेश्वर
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

### भक्त और भगवान

किष्किंधा मे हनुमान,अवध मे जन्मे राम!
इक दास दूजा स्वामी,बनाते बिगड़े ये काम!!
छोटे बड़े सब लेते,इन दोनों का नाम!
एक है अवघट दानी,दूसरा राघव राम!!
एक पवनसुत केशरी,दूजा दशरथ लाल!
करो तुम इनका वंदना,बजाओं तुम ताल!!
छोटे बड़े सब जानते,इन दोनों का काम!
एक कैलाश पति,दूजा त्रिभुवन पति राम!!
एक थामे कर मे गदा,दूजे तीर कमान!
असुर का करते विनाश,रखते संत का मान!!

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# प्रधानमंत्री की चुनावी सभा 24 को,चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा,लगाए गए 1500 फोर्स





**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा अंबिकापुर में 24 अप्रैल को होनी है। कार्यक्रम की तैयारी काफी युद्ध स्तर पर चल रही है। जिला प्रशासन व भाजपा संगठन के नेतृत्व में कार्यक्रम की पूरी तैयारी चल रही है। सोमवार को पूर्व मंत्री व भाजपा कलस्टर प्रभारी अमर अग्रवाल के साथ मंत्री रामविचार नेताम ने पीजी कालेज मैदान पहुंचकर तैयारियों की जायजा लिया। पूरे मैदान में बेरिकेटिंग की जा रही है। चुनावी सभा में करीब एक लाख लोगों की भीड़ जुटने की उम्मीद है। इसके लिए बड़े पैमाने पर डोम का निर्माण चल रहा है। वहीं प्रधानमंत्री रायपुर से प्लेन द्वारा रायगढ़ स्थित जिन्दल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद हेलीकॉप्टर से 10.35 बजे अंबिकुपर गांधी स्टेडियम पहुंचेंगे। यहां से वह पीजी कॉलेज कार्यक्रम स्थल जाएंगे और 10.45 बजे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद प्रधानमंत्री रायगढ़ के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हो जाएंगे। एसपीजी के अधिकारियों ने सोमवार को भी हेलीकाप्टर से अंबिकापुर में ट्रायल रन एवं लैंडिंग की। एसपीजी की टीम की निगरानी में सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहा हैं। पीजी कॉलेज में कार्यक्रम की तैयारी काफी जोर शोर से चल रही है। वहीं सोमवार को पीजी कॉलेज मैदान में पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों काफी संख्या में उपस्थित रहे। एसपी विजय अग्रवाल द्वारा अलग-अलग टीमों के साथ सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। एसपी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 15 सौ से अधिक पुलिस बल की तैनाती की गई है। जिसमें 10 आईपीएस, 80 राजपत्रित पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं। एसपी ने बताया कि सोमवार को भी एसपीजी टीम ने हेलीकॉप्टर का लैंडिंग कराया। एसपीजी की टीम की निगरानी में सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से होटलों, लॉज व गाडियों की भी चेकिंग की जा रही है। होटल व लॉज संचाकलको को आईडी व पूर्ण विवरण लेने के बाद ही आगंतुकों को कमरा देने के निर्देश दिए गए हैं।

## नगर निगम क्षेत्र नो फ्लाईंग जोन घोषित

प्रधानमंत्री का प्रवास को लेकर नगर निगम के क्षेत्र को नो फ्लाईंग जोन घोषित किया गया है। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री के यात्रा के दौरान सुरक्षा को मजबूत करने की दृष्टि से 24 अप्रैल को अम्बिकापुर नगर निगम के क्षेत्र को नो फ्लाईंग जोन घोषित किया है। इस दौरान यूएवी, ड्रोन, गुब्बारे सहित किसी भी प्रकार के विमान उपकरणों की उड़ान पर रोक लगाई गई है। इस आदेश का कोई भी उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 एवं कानून के तहत कानूनी कार्रवाई की जएगी।

## संवेदनशील क्षेत्रों की जा रही सर्चिंग

एसपी ने बताया कि सम्पूर्ण कार्यक्रम स्थल एवं अन्य प्रस्तावित आगमन के जगहों को कुल 9 अलग-अलग रीजन में विभाजित किया गया है। प्रत्येक रीजन में पुलिस राजपत्रित अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। हेलीपड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक की व्यवस्था हेतु पुलिस बल तैनात किया गया है। लगातार पुलिस बल द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन कर सर्चिंग की जा रही हैं।

# बस का इंतजार कर रही महिला को ईको वाहन ने मारी टक्कर,मौत



**- संवाददाता -**
**उदयपुर,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

थाना उदयपुर क्षेत्र के नुनेरा मोड़ ग्राम रिखी में सोमवार को दर्दनाक सडक़ दुर्घटना में एक महिला की ईको वाहन के जबरदस्त टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम जुड़वानी नवापारा निवासी सुखमनिया पति सुखदेव उम्र 34 वर्ष अपने ग्राम वापस आने के लिए भतीजी उषा पिता कुम्भ प्रसाद उम्र 18 वर्ष तथा एक अन्य रिश्तेदार के साथ सोमवार की दोपहर लगभग 12 बजे सडक़ किनारे ग्राम रिखी नुनेरा मोड़ पर पीपल पेड़ के नीचे बैठकर सूरजपुर से उदयपुर आने वाली बस का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान रिखी से नुनेरा की ओर जा रहे तेज रफ्तार इको वाहन क्रमांक सीजी 15 डीए 5760 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुए विपरीत दिशा में जाकर बस का इंतजार कर रही सुखमनिया को अपनी चपेट में लिया। फिर 18 वर्षीय उषा को टक्कर मारते हुए वाहन पेड़ से टकराकर पलट गया। इस हादसे में सुखमनिया की मौके पर ही मौत हो गई, उसकी भतीजी घायल हो गई तथा इको वाहन चालक का भी पैर टूट गया। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणमृत महिला और घायल बालिका को छोडक़र वाहन चालक को उठाकर कहीं ले गए। इधर घटना की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची तथा मृत महिला व युवती को उदयपुर अस्पताल लेकर आई। यहां युवती का इलाज शुरू किया गया। वहीं मृतका के शव का पीएम होने के बाद एक घंटे से भी अधिक समय तक शव वाहन नहीं मिलने पर परिजन परेशान हो गया। मजबूरी में परिजन महिला के शव को ट्रैक्टर में लेकर अपने ग्राम नवापारा जुड़वानी के लिए रवाना हुए।

# पुलिस ने चार मवेशी तस्कर को किया गिरफ्तार, पिकअप से किया जा रहा था मवेशियों का परिवहन


**- सवाददाता -**
**अंबिकापुर,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कमलेश्वरपुर पुलिस ने चार मवेशी तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा मवेशियों को पिकअप वाहन में परिवहन कर बुचडख़ाना ले जाया जा रहा था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। मामले में पुलिस ने दिनेश पाण्डेय उम्र 24 वर्ष निवासी गोढ़ी खुर्द थाना कापू जिला रायगढ़, टिकेश्वर साहू उम्र 21 वर्ष निवासी अलोला थाना कापू जिला रायगढ़, पृथ्वीपाल उम्र 22 वर्ष निवासी अलोला थाना कापू जिला रायगढ़ व मंजीत दास उम्र 35 वर्ष साकिन विजयनगर थाना कापू जिला रायगढ़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चार नग मवेशी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11, छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6,10 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।




# विक्षोभ के कारण मौसम हुआ ठंड,गर्मी से लोगों को मिली राहत

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**



मौसम ने एक बार फिर से करवट बदला है। इससे चिलचिलाती धूप व गर्मी से लोगों को राहत मिली है। सोमवार की सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं। इसके साथ ही बूंदाबांदी भी हुई है।

मौसम वैज्ञानिक एएम भट्ट के अनुसार 73डिग्री पूर्वी अक्षांस से 30 डिग्री उत्तरी अक्षांस के उत्तर तक समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊंचाई पर क्षोभमंडल में एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में प्रभावी है। बंग्लादेश एवं उसके नजदीकी क्षेत्रों के आसमान में 1.5 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवाती परिसंचरण निर्मित है जिससे संलग्न हो कर उत्तर-पूर्वी बंग्लादेश से उत्तरी बंगाल की खाड़ी तक एक द्रोणिका समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई क्षेत्र में सक्रिय है। आसाम एवं उसके पड़ोसी क्षेत्र के ऊपर 3.1 किमी की ऊंचाई पर अन्य चक्रवाती परिसंचरण विद्यमान है। एक अनियमित वायु क्षेत्र द्रोणी विदर्भ से तेलंगाना, रायलसीमा होते हुए तमिलनाडु तक विस्तारित है। मन्नार की खाड़ी के ऊपर भी 0.9 किमी पर एक चक्रवाती परिसंचरण निर्मित देखा जा रहा है तथा 18-19 अप्रैल को प्रभावी हुए पश्चिमी विक्षोभ के बाद एक अन्य विक्षिभ 22 अप्रैल को सुदूर उत्तर भारत में प्रवेश कर गया है एवं आगामी 26 अप्रैल को एक नया पश्चिमी विक्षोभ के भारत के पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में दस्तक की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार 22 से 23 अप्रैल तक स्थानीय मौसम में व्यवधान के रहने की संभावना है। बीच-बीच में तेज हवाएं तथा कुछ अवसरों पर 40 से 50 किमी प्रति घण्टे की रफ्तार की तेज हवा चलने की संभावना बनी रहेगी। इस अवधि में गरज चमक के साथ कई क्षेत्रों में हल्की वर्षा का अनुमान रहेगा। दैनिक अधिकतम तापमान में गिरावट 4 से 5 डिग्री की संभावना है।

# दो प्रत्याशी चुनाव मैदान से हुए बाहर,अब 10 के बीच होगा मुकाबला

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। सोमवार को नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस दौरान दो प्रत्याशियों ने अपनाा नाम वापस लिया है। वहीं शेष अब भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज व कांग्रेस से शशि सिंह सहित 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

लोकसभा का चुनाव 7 मई को होनी है। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। कुल 14 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म की खरदी की थी। जिसमें 13 लोगों ने नामांकन दाखिल किया था। वहीं स्क्रूटनी के दौरान बसपा से प्रकाश किस्पोट्टा द्वारा प्रारूप ए व बी प्रस्तुत नहीं कर पाने के कारण निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद 12 लोग शेष बचे थे। वहीं 22 अप्रैल को नामवापसी की प्रक्रिया पूर्ण की गई। जिसमें हमर राज पार्टी के प्रत्याशी अनुक प्रताप सिंह टेकाम व निर्दलीय प्रत्याशी बलासियुस तिग्गा ने चुनाव मैदान छोडक़र अपना नाम वापस ले लिया है। इसके बाद अब भाजपा प्रत्याश चिंतामणि महाराज व कांग्रेस से शशि सिंह सहित 10 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगी। जिसमें भारतीय जनता पार्टी से चिंतामणि महाराज, इंडियन नेशनल कांग्रेस से शशि सिंह कोराम, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से लक्ष्मण सिंह उदय, बहुजन समाज पार्टी से संजय कुमार, अखिल भारतीय परिवार पार्टी से कांता मिंज, भारत आदिवासी पार्टी से जेरोम मिंज, निर्दलीय प्रत्याशियों में अरविंद कच्छप, उर्मिला सिंह, प्रिंस अभिषेक कुजूर और रामाधार सिंह का नाम शामिल है।

# मा. शाला पेंडरखी में समर कैम्प का आयोजन



**- सवाददाता -**
**उदयपुर,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

विकासखण्ड उदयपुर के दुरस्त और पहाड़ी क्षेत्र संकुल पेंडरखी के संकुल समन्वयक और संकुल प्राचार्य के देखरेख और मार्गदर्शन में संकुल के सभी स्कूल्स में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है ।इसी कड़ी में मा शाला पेंडरखी में शिक्षक गण सुगंध सिंह,प्रदीप कुजूर, श्रीमती कामख्या सिंह,साकेत शर्मा, कु मंजुला यादव और प्रभारी प्रधान पाठक सुनील कुमार यादव के मार्गदर्शन में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। बच्चे बिना बस्ते के स्कूल आ रहे हैं, सारी सामग्री उनको स्कूल के द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है।



बच्चो के द्वारा चित्र,ड्राइंग,क्राफ्ट,गीत,संगीत और अन्य बहुत सारी गतिविधि के द्वारा कैंप में उनकी समझ को विकसित किया जा रहा है। शनिवार 20अप्रैल तक चौथे दिन लगातार समर कैंप लगाया गया ,अंतिम दिन उनके बनाए गए क्राफ्ट और सभी सामग्री की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमे उनके पालक और ग्रामीण जन उपस्थित रहेंगे।इसी प्रकार प्राथमिक शाला खुझि में रेखा भगत मैडम के द्वारा,बकोई में छोटेलाल दास और संजय रजवाड़े के द्वारा भी कैंप का आयोजन किया जा रहा है संकुल के अन्य स्कूलों में भी कैंप का आयोजन हो रहा है।

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत,पत्नी व बेटी घायल

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

बतौली चौक के पास रविवार को बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार पति-पत्नी व बेटी घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए बतौली अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां तीनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी व बेटी का इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार जाहिर अंसारी उम्र 40 वर्ष चैनपुर पलामू का रहने वाला था। वह शादी कार्यक्रम में शामिल होने पत्नी व बेटी के साथ बाइक से सीतापुर आया था। यहां से तीनों रविवार को वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में बतौली चौक के पास बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। तीनों को इलाज के लिए बतौली अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां तीनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान जाहिर की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी व बेटी का इलाज चल रहा है।




# 2 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कोतवाली पुलिस ने दो किलो गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को 21 अप्रैल को मुखबिर से जानकारी मिली की एक संदिग्ध युवक पिठ्ठू बैग में गांजा रखकर खैरबार रोड में बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर संदेही को हिरासत में लेकर बैग की तलाशी ली तो 2 किलो गांजा पाया गया। जिसे जब्त कर पुलिस ने आरोपी 19 वर्षीय रफीक खान निवासी तकिया रोड को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक सुभाष मिंज, आरक्षक सचितानंद कुजूर,राजेंद्र गढ़ेवाल, विजेंद्र कुजूर,अलोक गुप्ता, शिव राजवाड़े,मंटू गुप्ता,शिवमंगल सिंह शामिल रहे।

# एडल्ट स्टार को पैसे देकर मुंह बंद कराने का मामला, वकीलों का आरोप...ट्रंप ने चुनाव के दौरान तोड़ा कानून

न्यूयार्क,22 अप्रैल 2024। अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होने हैं लेकिन इससे पहले रिपब्लिकन उम्मीदवार और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ डाउनटाउन कोर्ट में गुप्त धन से संबंधित मामले में सुनवाई हो रही है। इस दौरान वकीलों ने बताया कि डोनाल्ड ट्रंप ने एक एडल्ट स्टार को गुप्त धन के भुगतान के मामले को क्यों छुपाया और कैसे 2016 के चुनाव अभियान के दौरान कानून तोड़ा। किसी भी पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति पर इस तरह का पहला आपराधिक मुकदमा चल रहा है।

### अभियोजन पक्ष ने लगाए यह आरोप

सुनवाई के दौरान वकील मैथ्यू कोलांगेलो ने बताया कि ये पूरी तरह से साजिश और धोखेबाजी से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार करने के लिए एक आपराधिक योजना बनाई। इस मामले में डोनाल्ड ट्रंप के वकील भी अपनी दलीलें कोर्ट में रखेंगे। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले यह ट्रंप के चार आपराधिक मुकदमों में से एकमात्र मुकदमा हो सकता है, जिस पर सुनवाई होनी है। अगर ट्रंप इस मामले में दोषी करार दिए जाएंगे तो उनकी उम्मीदवार पर खतरा पैदा हो सकता है। पूर्व राष्ट्रपति ने अपने समर्थकों से पूरे देश की अदालतों में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया।



### स्टॉर्मी डेनियल को दिए 130,000 डॉलर

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने कहा कि ट्रंप के पूर्व वकील माइकल कोहेन ने स्टॉर्मी डेनियल को 130,000 डॉलर का भुगतान किया था। ऐसा इसलिए क्योंकि स्टॉर्मी डेनियल ट्रंप के साथ अवैध संबंधों को लेकर चुप्पी साधे रखें। इस मामले में ट्रंप ने डेनियल के साथ संबंधों से इनकार किया है। आगे कहा गया है कि 2016 के चुनाव के दौरान ट्रंप ऐसे हो कुछ मामलों का सामना कर रहे थे। न्यायमूर्ति जुआन मर्चन ने फैसला सुनाया कि यदि ट्रंप गवाही देते हैं तो अभियोजक उनसे दो अन्य अदालती मामलों के बारे में पूछ सकेंगे। इनमें से पहला मामला धोखाधड़ी से जुड़ा है, जिसमें ट्रंप ने अपनी अचल संपत्ति का गलत ब्यौरा दिया था। इसके अलावा दूसरा मामला लेखिका ई. जीन कैरोल से जुड़ा है, जिनके बलात्कार के आरोप लगाने के बाद ट्रंप को बदनाम किया।

### ट्रंप और कोहेन ने रची बड़ी साजिश

अभियोजकों ने कहा है कि डेनियल को भुगतान करना ट्रंप और कोहेन द्वारा रची गई एक व्यापक रणनीति का का हिस्सा था। इस रणनीति के तहत तय किया गया था कि जो भी व्यक्ति ट्रंप के लिए हानिकारक लगे, उसे पैसे देकर उसका मुंह बंद कराया जाए। आगे कहा गया है कि इस चाल के तहत ट्रंप ने डेमोक्रेट हिलेरी क्लिंटन को हराया। अभियोजन पक्ष के वकील कोलांगेलो ने कहा कि ट्रंप ने बताया है कि उन्होंने कोहेन को कानूनी कार्यों में खर्च के लिए धनराशि दी थी, जबकि यह झूठ है। कोलांगेलो ने ट्रंप पर डेनियल को भुगतान के लिए अपने खर्च को गलत तरीके से दर्ज करने का आरोप लगाया गया है। अभियोजक का कहना है कि पूर्व राष्ट्रपति ने तथ्यों को छुपाने के लिए ऐसा काम किया। ट्रंप की बचाव टीम के अनुसार, अभियोजकों ने कुल मिलाकर कम से कम 20 गवाहों को बुलाने की योजना बनाई है। मुकदमा छह से आठ सप्ताह तक चल सकता है।

## आप शनिवार को क्या करते हैं? एलन मस्क का काम देखने टेस्ला की फैक्ट्री पहुंच गई उनकी मां,साझा की तस्वीरें

नई दिल्ली,22 अप्रैल 2024। एलन मस्क की मां मेय मस्क जो कि अपने लुक, फैशन की वजह से लाइमलाइट में रहती हैं, वे टेक्सास में टेस्ला गीगाफैक्टरी गई थीं। मेयी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह एलन मस्क के साथ नजर आ रही हैं।

मेय मस्क ने हाल ही में अपना 76 वां जन्मदिन से मनाया है। एलन मस्क की मां मेय मस्क एक मॉडल और डाइटिशियन हैं। वे अक्सर फिल्म फेस्टिवल में भी नजर आती हैं। सोशल मीडिया पर भी वे अपने फैशन और अपने खूबसूरत अंदाज के चलते छाई रहती हैं। शनिवार को उन्होंने संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के टेक्सास में टेस्ला गीगीफैक्ट्री का दौरा किया।



एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्होंने इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि शनिवार को आप क्या करते हैं? एलन मस्क के साथ टेस्ला गीगाफैक्ट्री गई। यहां की लॉबी बहुत ही सुंदर है। सोशल मीडिया पर पोस्ट की इस तस्वीर में मेय नीले रंग की डेनिम जैकेट और जींस पहने नजर आ रही हैं। इस लिबास में वे बहुत ही खूबसूरत लग रहीं थीं। वहीं एलन काले रंग की जींस, टी-शर्ट और जैकेट पहने दिख रहे हैं। उनके फैंस ने कमेंट पर उनकी खूब तारीफ भी की।

# लाहौर के बाहरी इलाके में दो दशकों से चल रहा इफ्तार लंगर

नई दिल्ली , 22 अप्रैल 2024। पाकिस्तान के लाहौर के एक सिख परिवार पिछले दो सालों से इफ्तार लंगर नाम की अनूठी परंपरा चला रहा है। इसमें रमजान में गरीब मुसलमानों को भोजन दिया जाता है। लाहौर सिटी सेंटर से आधे घंटे की दूरी पर स्थित बुर्की इलाके में मुसलमानों के लिए सिख परिवार ने इफ्तार लंगर की व्यवस्था की है।

सरदार जितेंद्र सिंह जो कि लाहौर में इफ्तार लंगर चलाते हैं। वे कहते हैं कि अक्सर लोग सिखों द्वारा की गई मुसलमानों की मदद पर आश्चर्यचकित हो जाते हैं। बाबा गुरुनानक देव की सीख है। जिसमें उन्होंने अपनी आमदनी का 10 वां हिस्सा दान करने के लिए कहा था। गरीब मुसलमानों को रमजान के दौरान इफ्तार कराया जाता है। साथ ही ईद पर गरीब बच्चों को वे ईदी भी बांटते हैं।

**कौन हैं जितेंद्र सिंह**-38 वर्षीय जितेंद्र सिंह पेशे से फार्मासिस्ट हैं। वे बताते हैं कि उनकी पेशावर में फार्मेसी की दुकान थी। लेकिन पिछले साल लाहौर आने से पहले वे हकीम हुआ करते थे। लेकिन यहां आकर उन्होंने फिर से फार्मेसी की दुकान भी खोली और अभ्यास करना शुरू किया है। वे बताते हैं कि खैबर पख्तूनख्वा के मलकंद के बोनर जिले में उनका जन्म हुआ था।

**दो दशक से चला रहे परंपरा**- सरदार जितेंद्र सिंह जो कि मूलतः खैबर पख्तूनख्वा के निवासी हैं। वे बताते हैं कि लंगर की तर्ज पर मुसलमानों के लिए उन्होंने यह परंपरा शुरू की है। वे कहते हैं कि बाबा गुरुनानक देव के समय से ही यह परंपरा चली आ रही है, जिसमें सभी को समान रूप से भोजन परोसा जाता है। बाबा गुरुनानक देव के अनुसार हर सिख को अपनी कमाई का दसवां हिस्सा दान करना चाहिए, इसलिए वे इस प्रकार की मदद करते रहते हैं।

### छोड़ दिया था पैतृक गांव

पेशावर में आतंकवादी घटनाओं के बढ़ने के कारण सिख परिवार असुरक्षित महसूस कर रहे थे। पिछले कई हमलों में सिखों की जान भी चली गई थी। जितेंद्र बताते हैं कि इसके बाद उन्होंने अपना पुराना शहर छोड़ा था।

### इसके अलावा भी करते रहते हैं जरूरतमंदों की मदद

जितेंद्र सिंह बताते हैं कि उनके समाज के कई लोगों के योगदान से वे अक्सर मदद करते रहते हैं। मासिक सहायता राशि के अलावा व्हील चेयर, सिलाई मशीनें और मुफ्त राशन भी वे बांटते हैं। सिलाई मशीनों से विधवाओं को रोजगार में मदद मिल जाती है। ईद के दिन वे बच्चों को ईदी भी देने जाते हैं।

# पाकिस्तान उपचुनाव में नवाज शरीफ की पार्टी का दबदबा, नहीं चला इमरान खान का जादू

इस्लामाबाद,22 अप्रैल 2024। पाकिस्तान में हुए उपचुनाव में सत्ताधारी पीएमएलएन पार्टी का दबदबा देखने को मिला है। नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएलएन ने उपचुनाव में नेशनल असेंबली की दो सीटों और प्रांतीय असेंबली की 10 सीटों पर जीत दर्ज की है। हालांकि अभी तक आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है और मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह दावा किया गया है।



### नवाज शरीफ की पार्टी का बढ़िया प्रदर्शन

पाकिस्तान में कुल पांच नेशनल असेंबली सीटों,जिनमें पंजाब,खैबर पख्तूनख्वा की दो-दो नेशनल असेंबली सीट और सिंध की एक नेशनल असेंबली सीट पर उपचुनाव हुए। वहीं पंजाब की 12 असेंबली सीटों, खैबर पख्तूनख्वा की दो और बलूचिस्तान की भी दो असेंबली सीटों पर उपचुनाव कराए गए। इन उपचुनाव में नवाज शरीफ की पार्टी ने दो नेशनल असेंबली की सीटों और 10 असेंबली सीटों पर जीत दर्ज की है। इस उपचुनाव में पीएमएलएन के अलावा इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थन वाली सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी ने हिस्सा लिया। वहीं मौलाना फजलुर रहमान की पार्टी जमीयत उलेमा ए इस्लाम ने उपचुनाव का बहिष्कार किया।

पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, पीएमएलएन ने दो नेशनल असेंबली सीटों पर जीत दर्ज की है तो पीपीपी और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल ने एक-एक सीट पर और एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। असेंबली सीटों में से पीएमएलएन ने पंजाब की नौ सीटों पर, बलूचिस्तान की एक सीट पर जीत दर्ज की। वहीं पीपीपी, सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल और इस्तेकाम पाकिस्तान पार्टी ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की।

### उपचुनाव के दौरान कई जगह हुई हिंसा

उपचुनाव के दौरान पाकिस्तान में कई जगह हिंसा भी देखने को मिली और पीटीआई और पीएमएलएन समर्थकों के बीच हुए झगड़े में एक व्यक्ति की जान चली गई। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पाकिस्तान सरकार ने कई जगहों पर इंटरनेट पर प्रतिबंध लगा दिया था। साथ ही कई जगहों पर मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर भी पाबंदी रही। पंजाब की दो नेशनल असेंबली सीट प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और मरयम नवाज के सीट छोड़ने के चलते खाली हुई। शहबाज शरीफ के पंजाब असेंबली की दो सीटें छोड़ने के बाद भी इन सीटों पर उपचुनाव हुए।

# लेबनान में वर्षों तक बंधक रहे अमेरिकी पत्रकार टेरी एंडरसन का निधन,नरक जैसे हालात में रहे थे कैद

वॉशिंगटन,22 अप्रैल 2024। अमेरिकी पत्रकार टेरी एंडरसन का निधन हो गया है। टेरी एंडरसन को इस्लामी आतंकियों ने लेबनान में करीब सात वर्षों तक बंधक बनाकर रखा था और पूरी दुनिया में इसकी चर्चा हुई थी। टेरी एंडरसन ने रविवार को 76 वर्ष की उम्र में अपने न्यूयॉर्क स्थित घर पर अंतिम सांस ली। टेरी एंडरसन मीडिया जगत के एक बड़े संस्थान के मध्य पूर्व के मुख्य संपादक थे और लेबनान में बंधक बनाए गए पश्चिमी नागरिकों में सबसे लंबे समय तक बंधक रहे।

### लेबनान में करीब सात वर्षों तक रहे बंधक टेरी एंडरसन

टेरी एंडरसन की बेटी सुलोम एंडरसन ने यह जानकारी दी। टेरी को शिया मुस्लिम आतंकी संगठन ने बंधक बनाकर रखा था। इस दौरान टेरी को हाथ-पैर बांधकर,आंखों पर पट्टी बांधकर एक ऐसी कोठरी में रखा गया, जहां रोशनी भी कम आती थी। टेरी ने रिहाई के बाद बताया था कि वह एक समय पागल जैसे हो गए थे और खुदकुशी करना चाहते थे, लेकिन उनकी रोमन कैथोलिक आस्था की वजह से वे बचे रहे। आखिरकार दिसंबर 1991 में टेरी को रिहा कर दिया गया। टेरी की बेटी सुलोम ने बताया कि उसके पिता ने बंधक रहते हुए काफी कष्ट झेला। सुलोम ने कहा वह चाहेंगे कि लोग उन्हें उनके सबसे बुरे



अनुभव के लिए याद न रखें बल्कि उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के लिए उन्हें याद रखा जाए। जैसे उन्होंने वियतनाम के बच्चों के लिए फंड बनाया। पत्रकारों की सुरक्षा के लिए समिति बनाने समेत कई अच्छे काम किए।

### शिया आतंकियों ने किया था अपहरण

टेरी एंडरसन का जन्म 27 अक्तूबर 1947 को ओहियो में हुआ था। टेरी का बचपन बटाविया, न्यूयॉर्क जैसे शहरों में बीता। आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी से स्नातक करने के बाद टेरी ने छह वर्षों तक मरीन कॉर्प्स में भी काम किया। इसके बाद टेरी ने मीडिया में काम करते हुए डेट्रॉयट, लुइसविले, न्यूयॉर्क, टोक्यो, जोहान्सबर्ग और फिर बेरूत में काम किया। बेरूत से ही टेरी का अपहरण किया गया। 16 मार्च 1985 को जब टेरी बेरूत स्थित अपने घर पर टेनिस खेल रहे थे, उसी दौरान एक कार में आए कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने उनका अपहरण कर लिया। आतंकियों ने टेरी के बदले कुवैत की जेलों में बंद अपने साथी आतंकियों को छोड़ने की मांग की। हालांकि टेरी की रिहाई नहीं हो पाई और अगले छह साल टेरी के लिए नारकीय साबित हुए। टेरी के बंधक रहने के दौरान ही उनके पिता और भाई की कैंसर से मौत हो गई थी। टेरी की रिहाई के लिए उनकी बहन ने काफी कोशिश की थी।

## भारतीयों की यूरोप यात्रा को आसान बनाएगा शेंगेन वीजा,यूरोपीय संघ के नए नियमों से मिलेगी राहत

लंदन,22 अप्रैल 2024। भारत से यूरोपीय संघ के देशों की यात्रा करने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। अब आप पांच साल के लिए मल्टीपल एंट्री वाले शेंगेन वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। दरअसल इस संबंध में भारतीयों के लिए यूरोपीय संघ द्वारा कुछ नियमों में बदलाव किया गया है।

### भारतीयों के लिए किया गया नियमों में बदलाव

यूरोपीय संघ के भारतीय राजदूत हर्वे डेल्फिन ने कहा कि यह नई व्यवस्था से दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने बताया कि भारत के लोगों के लिए इस वीजा के लिए 18 अप्रैल को कुछ नियमों में परिवर्तन किया गया। ये नियम वर्तमान वीजा के



मानकों से कुछ अलग हैं।

### ऐसे मिलेगा शेंगेन वीजा

तीन वर्षों के भीतर दो वीजा प्राप्त करने और उनका वैध रूप से उपयोग करने वाले भारतीय नागरिकों को अब दो साल के लिए बहु-प्रवेश (मल्टीपल एंट्री) शेंगेन वीजा जारी किया जाएगा। इसके बाद अगर पासपोर्ट की वैधता शेष है, तो शेंगेन वीजा की सीमा को दो साल से बढ़ाकर पांच साल कर दिया जाएगा। बयान में आगे कहा गया है कि वीजा मानदंडों में यह बदलाव यूरोपीय संघ और भारत के बीच मजबूत संबंधों को देखते हुए लिया गया है।

### शेंगेन क्षेत्र में कौन कौन से देश आते हैं?

शेंगेन वीजा की मदद से आप 180 दिन की अवधि में अधिकतम 90 दिनों के प्रवास के लिए शेंगेन क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से यात्रा कर सकते हैं। बशर्ते आप शेंगेन क्षेत्र में जाकर नौकरी ना कर रहे हों। बता दें कि शेंगेन क्षेत्र में 29 यूरोपीय देश शामिल हैं, जिनमें बेल्जियम, बुल्गारिया, क्रोएशिया, चेक गणराज्य, डेनमार्क, जर्मनी, एस्टोनिया, ग्रीस, स्पेन, फ्रांस, इटली, लातविया, लिथुआनिया, लक्जमबर्ग, हंगरी, माल्टा, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया, पोलैंड, पुर्तगाल, रोमानिया, स्लोवेनिया, स्लोवाकिया, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे, स्विट्जरलैंड, फिनलैंड और स्वीडन जैसे देश शामिल हैं।

# ब्रिटेन से वापस भेजे जाएंगे रवांडा के प्रवासी,तैयार हो रहे विमान,पीएम सुनक बोले...हर हाल में पूरा होगा काम

लंदन,22 अप्रैल 2024। ब्रिटेन में रह रहे रवांडा के अवैध प्रवासियों को वापस भेजने की तैयारी हो रही है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इस बात की घोषणा करते हुए कहा कि 10 से 12 सप्ताह में रवांडा के अवैध प्रवासियों को लेकर पहली फ्लाइट भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से इस कानून के पारित होने का इंतजार किया जा रहा था और अब हर हाल में इस काम को पूरा किया जाएगा।

### पीएम ऋषि सुनक ने क्या कहा?

पीएम सुनक ने कहा कि यह एक संवेदनशील हवाई यात्रा होगी, इसलिए वो इस बारे में पूरी जानकारी नहीं देंगे। हालांकि उन्होंने यह बताया है कि इस काम के लिए चार्टर्ड



उड़ानों को बुक किया गया है और हवाई रूट की भी जानकारी ले ली गई है। सुनक ने यह भी कहा कि प्रवासियों के पहले दल को रवांडा की राजधानी किगाली भेजा जाएगा।

### हर हाल में पूरा होगा काम:सुनक

प्रधानमंत्री ने कहा कि रवांडा के अवैध प्रवासियों को लेकर पहली उड़ान 10 से 12 सप्ताह में रवाना होगी और इसके लिए हवाई क्षेत्र को स्टैंडबाय पर रखा है। उन्होंने कहा कि इस काम के लिए चार्टर विमान बुक किए गए हैं और 500 प्रशिक्षित पायलटों की टीम अवैध प्रवासियों को रवांडा तक ले जाने के लिए तैयार है। पीएम ने दावा किया कि कोई भी विदेशी अदालत हमें उड़ान भरने से नहीं रोकेगी और हम हर हाल में उड़ान भरने के लिए तैयार है।

### सुनक ने विपक्षी पार्टियों पर साधा निशाना

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार ने कहा कि रवांडा सुरक्षा विधेयक में रवांडा को कानूनी रूप से एक सुरक्षित देश घोषित करने की बात कही गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाउस ऑफ लॉर्ड्स द्वारा इस विधेयक में संशोधन की मांग की गई थी, जिस वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# श्रीलंका में भी होगी रामायण यात्रा,नौ ऐतिहासिक जगहों को विकसित करने में मदद करेगा भारत

कोलंबो,22 अप्रैल 2024। अब आप श्रीलंका में भी रामायण यात्रा कर सकेंगे। दरअसल श्रीलंका में रामायण से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों को विकसित करने के लिए रामायण ट्रेल की का उद्घाटन किया गया है। इसे लेकर श्रीलंका में भारतीय राजदूत संतोष झा ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अधिकारियों से अपने आवास में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान इस बात पर चर्चा की गई कि श्रीलंका में रामायण से जुड़ी ऐतिहासिक जगहों को जोड़ने के लिए भारत द्वारा क्या मदद की जा सकती है। इस दौरान भारतीय राजदूत ने ट्रस्ट के ट्रेजरी गोविंद देव गिरी महाराज से भी मुलाकात की। बता दें कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या राम मंदिर के निर्माण को तैयार करने वाली



संस्थाओं में से एक है।

### श्रीलंका में रामायण ट्रेल का उद्घाटन

श्रीलंका स्थित भारतीय दूतावास द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया गया है कि राजदूत संतोष झा ने गोविंद देव गिरी महाराज और उनके दल के सदस्यों का अपने आवास पर स्वागत किया। इस दौरान इस बात पर चर्चा की गई कि आखिर किस तरह से श्रीलंका में रामायण ट्रेल को तैयार करने के लिए भारत द्वारा मदद की जा सकती है। इस दौरान भारतीय राजदूत संतोष झा, श्रीलंका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सगाला रत्नायके और क्रिकेटर सनथ जयसूर्या द्वारा श्रीलंका में रामायण ट्रेल प्रोजेक्ट का भी उद्घाटन किया गया। इस दौरान झा ने कहा कि जिस तरह से भारत और श्रीलंका के संबंधों में मधुरता देखी गई है, वैसी ही मधुरता रामायण ट्रेल में भी दिखे, मैं ऐसी कामना करता हूं।

### रामायण ट्रेल से जुड़ेंगी नौ ऐतिहासिक जगहें

उधर श्रीलंका के राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग ने इस उद्घाटन समारोह को भारत और श्रीलंका के रिश्तों के बीच ऐतिहासिक मील का पत्थर करार दिया है। यह भी कहा गया है कि इस तरह से श्रीलंका के पर्यटन में भी अविश्वसनीय तेजी आएगी। मीडिया प्रभाग द्वारा बताया गया है कि श्रीलंका में 52 ऐतिहासिक जगहें हैं, जिनमें रामायण से जुड़ी कहानियां मौजूद हैं। इनमें से नौ जगहों को रामायण ट्रेल से जोड़ा जाएगा। इस तरह से भारत में मौजूद लाखों लोग भी इन जगहों के दर्शन कर अपनी यात्रा को यादगार बना सकते हैं।

### अत्याधुनिक तकनीक का होगा इस्तेमाल

इस परियोजना का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वर्चुअल रियलिटी (वीआर) जैसी अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से इन प्रतिष्ठित तीर्थस्थलों से जुड़ी आध्यात्मिक घटनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे यात्रियों को एक अलग अनुभव प्राप्त होगा। बयान में बताया गया है कि इसके तहत महाकाव्य रामायण में वर्णित स्थानों को सावधानीपूर्वक चुना गया है।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह हुआ आबंटित



## सामान्य एवं व्यय प्रेक्षक रहे मौजूद,अभ्यर्थियों को दी व्यय और आदर्श आचार संहिता के पालन से जुड़ी जानकारी



- संवाददाता -

अम्बिकापुर,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 19 अप्रैल तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने तथा 20 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा पूर्ण किए जाने के पश्चात सोमवार 22 अप्रैल को नाम वापसी की प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है। सामान्य प्रेक्षक अमित कुमार एवं व्यय प्रेक्षक श्री गिरिराज दत्त शर्मा की उपस्थिति में नाम वापसी को प्रक्रिया संपन्न हुई। सोमवार को दो प्रत्याशियों द्वारा नामांकन वापस लिए जाने के बाद अब 10 प्रत्याशी निर्वाचन लड़ेंगे। रिटर्निंग अधिकारी सरगुजा लोकसभा क्षेत्र द्वारा प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आबंटित कर दिए गए हैं।

### प्रत्याशियों को आबंटित चुनाव चिन्ह

भारतीय जनता पार्टी से चिंतामणि महाराज को कमल, इंडियन नेशनल कांग्रेस से शशि सिंह कोराम को हाथ, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से डॉ एस एल उदय सिंह को आरी, बहुजन समाज पार्टी से संजय कुमार को हाथी, अखिल भारतीय परिवार पार्टी से श्रीमती कांता मिंज को केतली,भारत आदिवासी पार्टी से जेरोम मिंज को हॉकी और बॉल, निर्दलीय प्रत्याशी अरविंद कच्छप को चारपाई, श्रीमती उर्मिला सिंह को गन्ना किसान,प्रिंस अभिषेक कुजूर को सेब और रामाधार सिंह को गैस सिलेंडर का चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया है।इस दौरान सामान्य प्रेक्षक अमित ने अभ्यर्थियों को आदर्श आचार संहिता के पालन और उल्लंघन होने पर कार्रवाई की भी जानकारी दी। उन्होंने वरी लिस्ट के बारे में बताया जिसके तहत संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हांकित किया जाता है जिससे निर्वाचन में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे। इसी तरह व्यय प्रेक्षक शर्मा ने अभ्यर्थियों को व्यय सीमा और व्यय लेखा के संबंध में जानकारी दी।

# मतदाता सेल्फी जोन से हो रहे है प्रेरित, सेल्फी लेकर मतदान करने कर रहे हैं अपील




- संवाददाता -

जशपुरनगर,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर जिले में मतदाता जागरूकता के लिए कई गतिविधियां संचालित किया जा रहा है। ताकि शत-प्रतिशत मतदान हो सके। रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिले में 7 मई को मतदान होगा। अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए उन्हें विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है।

इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नई पहल की है। इस पहल के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। जिसमें 07 मई की भोर, चलो मतदान केंद्र की ओर और शत-प्रतिशत मतदान, बढ़ेगा जशपुर का सम्मान जैसे स्लोगन, नारे के माध्मम से मतदाताओं को वोट देने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यहाँ आने वाले लोग सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर अन्य लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसके अलावा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने एवं उन्हें मतदान के प्रति उत्साह जगाने के उद्देश्य से जिले भर के स्कूल-कॉलेजों में कई गतिविधियाँ संचालित किया जा रहा है।

कलेक्ट्रेट परिसर में बने इस आकर्षक सेल्फी प्वाइंट पर अधिकारियों-कर्मचारियों सहित अन्य लोगों ने सेल्फी लेकर सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया। साथ ही लोगों से अपील की कि देश के विकास में अपना योगदान दें।

# शांति व्यवस्था मद्दे नजर कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

- सवाददाता -

बलरामपुर, 22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के अम्बिकापुर मुख्यालय में वीवीआईपी प्रवास के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस हेतु अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी सुनील कुमार नायक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं अम्बिकापुर के अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी फागेश सिन्हा तथा अम्बिकापुर के तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी उमेश्वर सिंह बाज को सम्पूर्ण प्रभार सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी डी.एस.उईके तथा उपतहसील कुन्नी के नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी उमेश तिवारी को एयरपोर्ट दरिमा हेतु दायित्व सौंपा गया है। आयुक्त नगर पालिक निगम अम्बिकापुर प्रकाश सिंह राजपूत, डिप्टी कलेक्टर एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरगुजा नीरज कौशिक, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी उदयपुर आकाश गौतम को हेलीपेड गांधी स्टेडियम अम्बिकापुर हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभा स्थल पीजी कॉलेज ग्राउंड अम्बिकापुर एवं मुख्य मंच हेतु अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी सीतापुर रवि राही, अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी उदयपुर बी आर खाण्डे, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी धौरपुर(लुण्ड्रा) ईश्वर चन्द्र यादव, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सीतापुर रामसेवक पैकरा को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। महिला दीर्घा पी जी कॉलेज ग्राउंड हेतु तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बतौली तारा कुमारी सिदार तथा नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दरिमा अंकिता पटेल को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

# स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने ली शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ






» पड़ोसियों को करेंगे मतदान के लिए प्रेरित...श्रीमती सरोजनी राय

- संवाददाता -

कोरिया,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की उपस्थिति में शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया।

स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के इस महापर्व, लोकसभा निर्वाचन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-पटना में स्वास्थ्य दल के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सेंगर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला टीकाकरण अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी पटना, विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ0 प्रशांत, नीति आयोग के सदस्य डॉ0 इरशाद खान तथा जिला एवं विकासखण्ड के स्वास्थ्य दल के अधिकारी, कर्मचारियों ने शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी द्वारा जिले की गठित स्वीप टीम द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत जिले के मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत श्रीमती सरोजनी राय ने कहा कि स्वयं मतदान करेंगे साथ ही परिवार व पड़ोसियों को 7 मई को होने वाले मतदान में भाग लेने के प्रेरित भी करेंगी।

# डाक मतपत्र से मतदान करने की तिथि निर्धारित

» निर्वाचन कार्य में ड्यूटी में तैनात मतदाता जिला सुविधा केन्द्र में कर सकेंगे मतदान

» दिव्यांग और 85 प्लस वृद्धजन मतदाता घर बैठे करेंगे मतदान

- संवाददाता -

सूरजपुर,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारी व कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा केंद्र की स्थापना की गई है। तथा अनुपस्थित श्रेणी ( 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांग ऐसे मतदाता जिन्होंने होम वोटिंग का विकल्प चयन कर प्रारूप 12 डी का आवेदन किया हो) मतदाताओं हेतु मतदान तिथि नियत किया गया है। जिसके तहत अनुपस्थित श्रेणी ( 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांग ऐसे मतदाता जिन्होंने होम वोटिंग का विकल्प चयन कर प्रारूप 12 डी का आवेदन किया हो) मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराये जाने के लिए प्रथम चरण 01 मई एवं द्वितीय चरण 03 मई को विधानसभा वार मतदाताओं के निवास स्थान पर मतदान करने के लिए सुविधा बनाया गया है। इसी प्रकार ड्यूटी में तैनात रहने वाले सुरक्षा बल, नगर सेनानी एवं अन्य मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराये जाने के लिए 04 से 06 मई तक विधानसभा वार संयुक्त जिला कार्यालय सूरजपुर, आवक-जावक शाखा (कक्ष क्र. ए-6/5) प्रथम कक्ष में सुविधा केंद्र बनाया गया है।

# अवैध कोयला सुरंगों को किया बन्द

» वन, पुलिस व एसईसीएल की संयुक्त टीम ने की कार्यवाही


» जान को दांव में लगाकर कर रहे थे कोयला का अवैध उत्खनन

- संवाददाता -

कोरिया,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

जिले के दूरस्थ व वन क्षेत्र में कोयला उत्खनन के लिए अवैध सुरंगों का निर्माण की जानकारी मिलने पर पूरे अमले कार्यवाही में जुटे थे।







जानकारी के मुताबिक वनमंडल कोरिया परिक्षेत्र, बैकुंठपुर के ग्राम दामुज, पुटा, मुरमा व देवखोल में अवैध कोयला उत्खनन के लिए सुरंग बनाने की जानकारी मिलते ही वन विभाग, एसईसीएल व पुलिस की संयुक्त टीम गठन कर कार्यवाही की गई और सुरंगों तत्काल बंद कराया गया।

वन मण्डलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलखो ने बताया कि विगत चार माह में 24 सुरंगों को बंद करने की कार्यवाही की गई है।

उन्होंने ग्रामीणों व आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सुरंग बनाना पूर्णतः खतरनाक है, इससे जानमाल की नुकसान होने आशंका बनी होती है, ऐसे में इस तरह अवैध कोयला उत्खनन न करे न ही सुरंग बनाए।

इस कार्यवाही में वन विभाग, एसईसीएल, पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम से मंगल साय, कमल सिंह, मानसिंह, सरदार अमोल सिंह, आदित्य कुमार, सुधाकर पुरी व हेड पुलिस कांस्टेबल बृजेश सिंह की भूमिका उल्लेखनीय रहा।

# अपराधी मनोज कुमार राजवाड़े का हुआ 6 माह के लिए जिलाबदर

» विगत 13 वर्षों से अपराधों में है संलिप्त

» आम जनता के मौलिक अधिकारों का हो रहा था हनन

- संवाददाता -

कोरिया,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

ओड़गी नाका,बैकुण्ठपुर निवासी मनोज कुमार राजवाड़े आत्मज इनेश्वर प्रसाद राजवाड़े निवासी थाना बैकुण्ठपुर जिला कोरिया के विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (ख) के प्रावधानों के तहत् अपराधिक प्रकरण वार (जरायम) पुलिस अधीक्षक जिला कोरिया से दिये गये प्रतिवेदन के आधार पर प्रारंभ किया गया। न्यायालय जिला दंडाधिकारी कोरिया, बैकुण्ठपुर के आज 22 अप्रैल 2024 को हुए आदेशानुसार मनोज कुमार राजवाड़े वर्ष 2011 से लगातार अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहकर मोहल्ले में घुमना,फिरना एवं आतंक मचाना,चोरी,नकबजनी कर लोगों के जीवन को संकटापन्न कर अपराध घटित करते चला आ रहा है।

मनोज राजवाड़े का इस क्षेत्र में काफी आतंक है, जिससे मोहल्ले एवं आस-पास के लोगों में भय व्यप्त है। उसके आतंक एवं डर की वजह से कोई भी व्यक्ति उसके विरुद्ध रिपोर्ट लिखाने एवं गवाही देने से कतराते है। यह बहुत शातिर, चालाक, निडर व दुःसाहसिक है। पुलिस कार्यवाही से भी नहीं डरते। उसका हौसला बुलंद है, अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर चोरी-नकबजनी का पेशा बना लिया है, वह खतरनाक किस्म का व्यक्ति है एवं विगत 13 वर्षो से अपराधिक गतिविधियों में संलग्न है, जो आम जनता की सुरक्षा के लिये खतरा साबित हो रहा हैं।



उसके खतरनाक गतिविधियों के कारण सामान्य लोग उसके विरुद्ध पुलिस में रिपोर्ट करने के लिये घबराते हैं तथा न्यायालय में गवाही देने से डरते हैं। अपराधिक गतिविधि इतनी गंभीर है कि उसके द्वारा चोरी नकबजनी जैसी अपराध को अंजाम देना आम हो गया है। मनोज राजवाड़े के अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु समय-समय पर प्रतिबंधक धाराओं के तहत् कार्यवाही कर इस्तगाशा न्यायालय में पेश किया गया है। किंतु सामान्य कानून उसके आपराधिक गतिविधियों को रोकने में असफल साबित हो रहा है। जिससे राज्य सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

उसके अपराधिक एवं सामाजिक गतिविधि से आम जनता के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है, जिससे आम जनता में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। इस तरह लगातार अपराध घटित करते रहा तो, कभी भी लोक व्यवस्था, सामाजिक शांति व्यवस्था पूर्णतः भंग होकर उग्र रूप धारण कर सकती है। ऐसी स्थिति में जन सुरक्षा बनाए रखने हेतु उसके विरूद्ध छ0ग0 राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-5 (ख) के प्रावधानों के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही की गई है।

बैकुंठपुर जिला दण्डाधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मनोज राजवाड़े आत्मज इनेश्वर प्रसाद राजवाडे, ओड़गी नाका, थाना बैकुण्ठपुर जिला- कोरिया निवासी को 6 माह की अवधि के लिए कोरिया जिला एवं सीमावर्ती जिलों सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर, कोरबा, पेन्ड्रा-गौरेला मरवाही, सीधी, सिंगरौली की सीमाओं से निष्कासित (जिलाबदर) किया है। 23 अप्रैल 2024 को प्रातः 10 बजे से उक्त जिलों की सीमाओं से बाहर चला जावे और आदेश की प्रभावशाली अवधि में बिना वैधानिक अनुमति के उक्त जिलों की सीमाओं के अन्दर प्रवेश वर्जित होगा।

CMYK

# योगी आदित्यनाथ ने जनसभा में कोरबा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय को जीताने की अपील




- संवाददाता -
कोरबा,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं, महिलाएं सुरक्षित हैं विकास के नये नये कार्य हो रहे हैं, ये सब मोदी जी की ही देन है। ये नया भारत हैं जो देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। आज देश में हर घर नल जल है, हर घर शौचालय हैं, स्टेट हाइवे एवं राष्ट्रीय राजमार्ग हैं , एम्स हैं ये सब भारतीय जनता पार्टी की पहचान बन चुकें हैं। कांग्रेस की सरकार के समय गरीबों को अनाज नहीं मिल पाता था। युवा रोजगार के लिए पलायन करते थे । बेटियां सुरक्षित नहीं थी। परंतु अब समय बदल गया है देश सुरक्षित हैं देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। देश में वासी सुरक्षित हैं ?। उन्होंने आगे कहा कि जब से मोदी जी प्रधानमंत्री बने और देश में कहीं भी जोर से पटाखे भी फूटते हैं तो सबसे पहले पाकिस्तान कहता है मैंने नहीं किया, ये हैं मोदी जी की ताकत। कांग्रेस शासन में जनता भूखे रहतीं थीं आज मोदी जी देश की 80 करोड़ जनता को मुफ्त में 05 किलो चावल दे रहे हैं। 1947 के बाद जब पाकिस्तान बड़ी अकड़ के साथ भारत से अलग हुआ था आज वहां की 20 करोड़ आबादी के पास अनाज का संकट है और मोदी जी 80 करोड़ जनता को अनाज दे रहे हैं वो भी मुफ्त। पहले केंद्र का पैसा राज्यों में भेजा जाता था तो उसमें भ्रष्टाचार होता था परन्तु अब सीधे जन-धन खातों में चला जाता हैं। 11 करोड़ शौचालय का निर्माण हो चुका है। 10 करोड़ रसोई गैस ,4 करोड़ प्रधानमंत्री आवास ,11 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिला। उत्तर प्रदेश में 56 लाख प्रधानमंत्री आवास बन चुके हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने प्रधानमंत्री आवास बनने नहीं दिया परंतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी हैं। आज देश में 2.5 करोड़ गरीबों के घर में बिजली कनेक्शन है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने घोटाले पर घोटाले किए हैं। पीएससी में,रेत , शराब , कोयला और तो और गोबर में भी घोटाला कर दिया। अयोध्या में श्रीराम का मंदिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की ही देन है कांग्रेस तो न्यायालय में एफिडेविट दी थी कि राम है ही नहीं।? नक्सलवाद, आतंकवाद से कांग्रेस की सांठगांठ है। नौजवानों को रोजगार उपलब्ध नहीं कराया उनके हाथों में तमंचा थमा दिया।? कांग्रेस समाज को बांटने का काम करतीं हैं। जब कुछ नहीं होता तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को अपशब्द कहने लगते हैं। 140 करोड़ जनता मोदी जी का परिवार है पहले चरण का चुनाव हो चुका है एक ही आवाज़ आ रही है अब की बार 400 पार , फिर एक बार मोदी सरकार। श्री आदित्य नाथ ने आगे कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय शिक्षित हैं तेजतर्रार हैं। इस ऊर्जा नगरी में विकास हो इसके लिए भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय को जीताना हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से कहा कि आप लोग मोदी जी और सरोज पांडेय का प्रतिनिधि बनकर घर-घर जाकर एक एक मतदाता से मिलना और 07 मई को भारतीय जनता पार्टी को वोट देने को कहना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया। छत्तीसगढ़ प्रभु श्री राम का ननिहाल है। माता कौशल्या का मायका है। वनवास के समय छत्तीसगढ़ की पावन धरा ने श्रीराम को शरण दी थी। इस दौरान ननकी राम कंवर, प्रदेश मंत्री विकास महतो, मनोज शर्मा, जोगेश लांबा, अशोक चावलानी,डॉ राजीव सिंह, गोपाल मोदी,संतोष देवांगन,टिकेश्वर राठिया,पवन गर्ग, ज्योतिनंद दुबे,आलोक सिंह, प्रफुल तिवारी, आकाश सक्सेना, उमाभारती सराफ, रेणुका राठिया, संदीप सहगल, राजेंद्र राजपूत, संजय शर्मा, नरेश टंडन, गोपाल मोदी, संतोषी दीवान, धनेश्वरी कंवर, पंकज सोनी, वैशाली रत्नपारखी, रामप्रसाद कोर्राम, चुलेश्वर राठौर, अनिरुद्ध चंद्रा, सरजू अजय, ताज सिद्दिकी सहित बड़ी सख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, और आमजन मौजूद थे ।



# सहकारी बैंक में ए.सी.बी ने दबिश देकर मैनेजर व कैशियर को रिश्वत के मामले में किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
कोरबा,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

जिले में उस वक्त सनसनी फ़ैल गई जब भ्रष्टाचार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए एन्टी करप्शन ब्यूरो, बिलासपुर ने दिनांक 22.04.2024 को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या0 शाखा पाली, जिला कोरबा के अमित दुबे (ब्रांच मैनेजर) एवं आशुतोष तिवारी (कैशियर), को 5000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा । जानकारी अनुसार प्रार्थी रामनोहर यादव जो कि ग्राम धंवरा डोंगरी बतरा, जिला कोरबा का निवासी है ,जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. शाखा पाली, जिला ङ्क कोरबा में उसके द्वारा बेचे गये धान का भुगतान, जो लगभग 5 लाख रू था, जिसके आहरण के लिये 7500 रू रिश्वत की मांग आरोपीगण अमित दुबे एवं आशुतोष तिवारी द्वारा किया गया था । प्रार्थी द्वारा इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो, बिलासपुर में की । शिकायत सत्यापन पश्चात योजनाबद्ध तरीके से ट्रेप आयोजित किया गया । प्रार्थी ने आरोपीगण को रिश्वत देने के लिये बैंक कार्यालय गया जहां आरोपीगण द्वारा सावधानी बरतते हुए रिश्वती रकम न लेते हुए मूल 5 लाख रू आहरण राशि से रिश्वती रकम 5000 रू काटकर प्रार्थी को शेष राशि दी गई, जिस पर एसीबी की टीम द्वारा बैंक में दबिश देकर कार्यवाही करते हुए कैशियर से रिश्वत की राशि बरामद की गई । घटना में दोनों आरोपियों की संलिप्तता पाए जाने से दोनों ही आरोपियों के विरूद्ध धारा 07 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित अधिनियम 2018) के तहत गिरफ्तार किया गया है । साथ ही एंटी करप्शन ब्यूरो, छत्तीसगढ़ के सभी नागरिकों से अपील की है कि रिश्वत / भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायत हमारे ई-मेल, टोल-फ्री नंबर (1064) अथवा स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर कर सकते हैं ।

# प्रतीक चिन्ह आवंटन के साथ कोरबा लोकसभा क्षेत्र से 27 प्रत्याशी मैदान पर



- संवाददाता -
कोरबा,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

कोरबा लोकसभा सीट से कुल 34 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था जिसमें से स्क्रूटनी के दौरान 05 प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों में कमी पाए जाने से उन्हें निरस्त किया गया था बाकि आज नाम वापसी के आखिरी दिन 02 प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया है। इस प्रकार से अब कुल 27 लोग कोरबा लोक सभा के उम्मीदवार है,जिनका भाग्य 07 मई को मतपेटी में बंद होगा । जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा लोक सभा श्री बसंत ने बताया के नाम वापसी समय सीमा के पश्चात कुल 27 प्रत्याशी कोरबा लोकसभा से चुनाव प्रत्याशी है जिन्हे आज अलग अलग प्रतीक चिन्ह आवंटित कर दिया गया है ।

# तैराकी,दीवार लेखन जैसे विविध कार्यक्रमों के माध्यम से दिया जा रहा मतदान का संदेश






» पलायन किये हुए श्रमिकों से संपर्क कर लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने प्रशासन का बेहतर प्रयास






- संवाददाता -
बलरामपुर,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन में जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदान में लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### मतदाताओं का जागरूक करने तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन

जिला प्रशासन के तरफ से विशेष पहल करते हुए जिले में तीसरे चरण में होने वाले लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विकासखंड रामचंद्रपुर अंतर्गत वन वाटिका रामानुजगंज में 50 मीटर तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। 50 मीटर तैराकी में विकास बछाड़ प्रथम स्थान पर रहे, जिन्होंने 1.35 मिनट में पूर्ण कर विजय हासिल की। इसी प्रकार 1.39 मिनट के साथ गोपाल दूसरे तथा 1.40 मिनट में विश्वनाथ माली ने तैराकी पूर्ण कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। तैराकी में विजेता प्रतिभागियों को मेडल पुरस्कृत किया गया। तैराकी प्रतियोगिता को देखने बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस तैराकी का मुख्य उद्देश्य नए मतदाताओं, युवा वर्ग, महिलाओं, बुजुर्गों को मतदान के प्रति जागरूकता लाना है। इस अवसर पर उपस्थित जनों को शत् प्रतिशत मतदान करने का शपथ भी दिलाया गया।

### पलायन हुए श्रमिकों से लगातार संपर्क कर मतदान अवश्य करने की अपील

जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में जनपद सीईओ के द्वारा पलायन हुए श्रमिकों से बात कर उन्हें मतदान दिवस पर अपने गांव आकर मतदान करने की अपील की जा रही है। विकासखंड बलरामपुर के ग्राम जाबर, लिलौटी जैसे अन्य गांव जहां पलायन किए हुए हैं, उनको संबंधित जनपद सीईओ के द्वारा ऑडियो कॉल पर बात कर उनसे लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण पर्व पर सहभागिता निभाने की अपील करते हुए 7 मई को होने वाले मतदान के लिए अवश्य अपने घर आने को कहा, जिससे वे यहां अपना अमूल्य वोट देकर इस महापर्व का हिस्सा बन सकें।

### दीवार लेखन कार्य से चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

मतदाता जागरूकता हेतु जिले में स्वास्थ्य विभाग के मितानिन दीदियों द्वारा सभी ग्रामों के पारा-मोहल्ला में दीवार लेखन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि स्वस्थ मतदाता स्वच्छ मतदान की थीम अनुसार स्वास्थ्य विभाग मितानिनों के सहयोग से जिले में अभी तक जिले में लगभग 5152 नारा लेखन का कार्य किया गया है। इसके साथ ही घर-घर संपर्क कर लोगों को जागरूक करने के साथ आगामी चुनाव में मतदान करने की शपथ भी दिलाई जा रही है।



# श्रमिकों ने कार्यस्थल पर ही मतदान करने की ली शपथ

- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जनपद पंचायत खड़गवां में शत-प्रतिशत हो इसके लिए जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशन तथा परियोजना निदेशक श्री नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में लगातार मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विगत दिवस जनपद पंचायत सीईओ विनोद जायसवाल के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जनपद के मनरेगा श्रमिकों को कार्यस्थल पर मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गयी। इस दौरान श्रमिकों ने शपथ लेकर कहा कि हम स्वयं जागरूक रहकर मतदान करेंगे तथा अपने पास-पड़ोस के लोगों को भी शत-प्रतिशत मतदान करने प्रेरित करेंगे।

# आदतन अपराधी के विरूद्ध जिला बदर आदेश जारी

- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

आदतन अपराधी लक्की मिश्रा आत्मज संजय मिश्रा उम्र 26 वर्ष ग्राम सेमरा, थाना पोंडी, जिला एमसीबी को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री डी. राहुल वेंकट ने 02 माह 03 दिन की अवधि के लिए जिला बदर आदेश जारी किया है। छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा (क) (ख) के तहत इस न्यायालय के दाण्डिक प्रकरण क्रमांक-10/2023 में पारित आदेश के अनुसार आपको यह आदेश दिया जाता है कि 12 अप्रैल 2024 को प्रातः 10:00 से जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर एवं इसके सीमावर्ती राजस्व जिला कोरिया, कोरबा, पेण्ड्रा-गौरेला-मरवाही, अनूपपुर, शहडोल, सीधी जिले के क्षेत्र में 12 अप्रैल 2024 से 15 जून 2024 तक कुल 02 माह 03 दिन की अवधि के लिए बाहर चले जाये और जब तक यह आदेश लागू रहेगा। बिना वैधानिक पूर्व अनुमति लिए आपको इस जिले एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इस आदेश का पालन किया जाये, पालन न करने पर आपके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# महिलाओं ने तख्ती पर स्लोगन लिख निकाली रैली






- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशन एवं परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिले में वृहद स्तर पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। जिले के मतदाताओं को लोक सभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत आगामी 7 मई को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला प्रशासन की तरफ से नगर निगम चिरमिरी के आयुक्त रामप्रसाद आंचला के अगुवाई में आज कुरासिया कॉलरी के निवासियों ने मतदाता जागरूकता का आयोजन किया। कुरासिया कॉलरी पुरुष एवं ग्रामीण महिलाएं तख्ती, स्लेट में लिखें स्लोगन के साथ लोगों के घर घर पहुंच कर 7 मई को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदान करने आह्वान किया। साथ ही उन्हें अपने अमूल्य वोट का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। महिलाएं आगामी दिनों में जिले के सभी घरों में पहुंचने और प्रोत्साहित करने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। इसी तरह नगरीय निकाय के पार्क, कॉलेज एवं सार्वजनिक स्थलों में भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ, रंगोली, रैली जैसे विभिन्न कार्यक्रम का लगातार आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी वर्ग के लोग स्वर्स्फूत भाग लेकर अपने मत का उपयोग करने की शपथ ले रहे है।

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अमित कुमार पहुंचे सूरजपुर



- संवाददाता -
सूरजपुर, 22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अमित कुमार लोकसभा निर्वाचन की तैयारी का जायजा लेने के लिए आज सूरजपुर पहुंचे थे।जहां उन्होंने कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे व उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र पैकरा की उपस्थिति में आईआईटी पर्री में स्थित, स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित संबंधित अधिकारियों से परिसर में सीसीटीवी फुटेज व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी लीह इसके साथ ही उन्होंने निर्वाचन कार्यालय कक्ष, निर्वाचन प्रपत्र स्ट्रांग रूम, ई वी एम जीपीएस ट्रैकिंग कंट्रोल रूम,मॉक पोल एरिया, ईवीएम व सामग्री वितरण स्थल और पार्किंग व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने ड्यूटी में तैनात सुरक्षाकर्मियों को ड्यूटी के समय तत्पर रहने के निर्देश दिए, इसके साथ ही किसी भी तरह के संदेह या समस्या की स्थिति पर इसकी सूचना उ'च अधिकारियों को देने की बात कही।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0....../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पूजा पाण्डेय पिता बृजेन्द्र कुमार पाण्डेय जाति ब्राम्हण निवासी महादेव गली बौरीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 120/31 रकबा 0.010 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा,नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र,रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 03/05/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा0)अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा./ सक्षम प्राधिकारी, सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0....../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-चन्दरपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती लक्ष्मी सिंह पति श्री अवधेश कुमार सिंह, जाति-गोड़ निवासी ग्राम स्कूलपारा बसनरा, तहसील ओड़गी, जिला सूरजपुर ,छ0ग0 द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-चन्दरपुर, प0ह0नं008, रा0नि0मं0 बसदेई, तहसील सूरजपुर स्थित स्वयं के खाते की भूमि खसरा क्रमांक 810/5 रकबा 0.0240 हे0 कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 03/05/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चत प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/04/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

सील
विशेष कर्त्तव्याधिकारी (रा0)सूरजपुर,जिला-सूरजपुर



## डी गुकेश की सफलता पर पीएम मोदी ने दी बधाई

### देश-विदेश से भी मिल रही बधाइयां

**टोरंटो,22 अप्रैल 2024।** टोरंटो में प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर अपना नाम इतिहास में दर्ज कराने वाले ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को पीएम मोदी ने दी बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भावी विश्व चैंपियन बताया है। बता दें कि, गुकेश ने अमेरिका के हिकारू नकामूरा से आखिरी दौर में ड्रॉ खेलकर टूर्नामेंट जीता और 17 वर्ष की उम्र में सबसे युवा विश्व चैलेंजर भी बन गए।

वह यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय बन गए। पांच बार के विश्व चैम्पियन आनंद ने 2014 में खिताब जीता था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि, भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है।

उन्होंने गुकेश की तस्वीर साथ में पोस्ट करते हुए लिखा कि, टोरंटो में हुए टूर्नामेंट में गुकेश की शानदार उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण की द्योतक है। उनके असाधारण प्रदर्शन और शीर्ष तक के सफर से लाखों को प्रेरणा मिलेगी। वहीं विश्वनाथनआनंद ने एक्स पर लिखा कि, डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई। आपकी उपलब्धि पर गर्व है। मुझे निजी तौर पर तुम पर बहुत गर्व है जिस तरह से तुमने कठिन हालात में खेला। इस पल का मजा लो।

चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने लिखा कि, क्या शानदार जीत। सत्रह बरस की उम्र में फिडे कैंडिडेट्स जीतने वाला सबसे युवा खिलाड़ी। यहां से अब विश्व चैम्पियनशिप का सफर और हर कदम पर हम तुम्हारे साथ हैं। जाओ इतिहास रच दो। इंग्लैंड के ग्रैंडमास्टर डेविड होवेल ने कहा कि गुकेश के खिलाफ पहला मुकाबला खेलने के बाद ही उन्हें पता चल गया था कि अपार प्रतिभा का धनी यह खिलाड़ी बड़ी उपलब्धियां अर्जित करेगा।

उन्होंने लिखा कि, गुकेश को कैंडिडेट्स जीतने पर बधाई। क्या शानदार टूर्नामेंट रहा। मैं पहले ही मुकाबले से जानता था कि वह खास है। वह 12 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन चुका था। उसकी विश्लेषण क्षमता, परिपक्व रवैया और गणना के कौशल से मैं काफी प्रभावित हूं। भावी विश्व चैम्पियन। पूर्व विश्व चैम्पियन और रूसी ग्रैंडमास्टर ब्लादीमिर क्रामनिक ने लिखा , गुकेश को बधाई और फेबि, इयान को शानदार प्रदर्शन के लिये खास पुरस्कार। सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक। सभी जांबाजों को बधाई। जिस तरह से उन्होंने खेला, वही सबसे अहम है।''

महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर रही भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने लिखा ,'' डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई।'' द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच रामाचंद्रन रमेश ने कहा ,'' युवा डी गुकेश को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने पर बधाई। प्रेरक प्रदर्शन। पूरे देश को तुम पर गर्व है।

# लखनऊ और चेन्नई का मुकाबला आज

## अपने गढ़ में लखनऊ से बदला चुकता करने उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स




**नई दिल्ली,22 अप्रैल 2024।** गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ़ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था। केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिये रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिये कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाये हैं। लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का फॉर्म चिंता का विषय है।

चेन्नई ने अजिंक्य रहाणे को पारी का आगाज करने भेजा जिसकी वजह से गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतरे। सलामी बल्लेबाज के तौर पर तीन अर्धशतक जमाने के बाद गायकवाड़ के सामने यह दुविधा होगी कि वह तीसरे नंबर पर खेलें या फिर से पारी का आगाज करें। रविंद्र जडेजा भी अर्धशतक जड़ चुके हैं जिससे मोईन अली और महेंद्र सिंह धोनी को आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी का मौका मिला। चेन्नई को उम्मीद होगी कि उसका शीर्षक्रम एक बार फिर रन बंटोरकर बड़े स्कोर की नींव रखेगा।

चेन्नई के गेंदबाजों में मथीषा पथिराना सर्वश्रेष्ठ रहे हैं लेकिन तेज गेंदबाजों दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुस्ताफिजूर रहमान से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। बायें हाथ के स्पिनर जडेजा को गेंदबाजी में बेहतर करना होगा। लखनऊ के लिये बल्लेबाजी चिंता का सबब है लेकिन उन्होंने साबित कर दिया है कि शीर्षक्रम के चलने पर वे क्या कर सकते हैं। राहुल और डिकॉक फॉर्म में हैं और उन्हीं पर यहां सबसे ज्यादा रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। निकोलस पूरन ने जरूरत पड़ने पर हमेशा रन बनाये हैं और लखनऊ की उम्मीदें उन पर भी टिकी होंगी। गेंदबाजी में लखनऊ को युवा तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव की वापसी की उम्मीद होगी जो पेट के निचले हिस्से में खिंचाव के कारण दो मैचों में बाहर रहे।

तेज गेंदबाज मोहसिन खान और यश ठाकुर ने चेन्नई को कम स्कोर पर रोकने की कोशिश की लेकिन आखिरी ओवरों में धोनी के बल्ले से निकले आतिश को नहीं रोक सके। मैट हेनरी को लखनऊ के लिये पदार्पण पर विकेट नहीं मिल सके और वे खुद को साबित करना चाहते होंगे। स्पिन गेंदबाजी में कृणाल पंड्या के दो विकेट बीच के ओवरों में काफी अहम रहे। एक बार फिर उन पर और युवा रवि बिश्नोई पर बीच के ओवरों में चेन्नई पर दबाव बनाने का दारोमदार होगा।

### दोनों की टीम इस प्रकार है...

**लखनऊ सुपर जाइंट्सः-** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

**चेन्नई सुपरकिंग्सः-** महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी

## भारतीय जंप रोप टीम में छत्तीसगढ़ के 10 खिलाड़ियों का चयन

**रायपुर,22 अप्रैल 2024।** भारतीय जंप रोप फेडरेशन ऑफ इंडिया ने जापान के क्वासाकी में 24 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक आयोजित एशियन चैंपियनशिप के लिए भारतीय जंप रोप फेडरेशन ऑफ इंडिया के लिए भारतीय जंप रोप दल के खिलाड़ियों की सूची जारी की गई जिसमें छत्तीसगढ के 10 खिलाड़ियों ने जगह बनाई, प्रेस को जारी विज्ञप्ति में छत्तीसगढ प्रदेश जंप रोप एसोसिएशन के सचिव श्री अखिलेश दुबे ने बताया की यह अबतक की सबसे बड़ी उपलब्धि है की बड़ी संख्या में भारतीय टीम में राज्य जंप रोप ( रस्सी कूद ) के जंपर ने स्थान बनाया हैं,हर्ष का विषय हैं की इस बार राज्य के खिलाड़ियों के लिए हर संभव मदद करने के लिए जर्मन स्थित कंपनी कालेस्विक्स ने जापान जाने के लिए होने



वाले खर्च को उठाने का बीड़ा उठाया यह कंपनी एक ऑल-इन-वन प्लेटफॉर्म प्रदान करती है जो परियोजना लागत, बजट और कंपनी के संचालन का प्रबंधन करती है। इसमें वैश्विक लागत नियंत्रण, परियोजना प्रबंधन, एआई डेटा विश्लेषण, और अनुकूलन योग्य वर्कफ्लो के लिए उन्नत उपकरण शामिल हैं, जो संगठनात्मक स्तरों में दक्षता और निर्णय लेने को बढ़ावा देते हैं।भारतीय जंप रोप टीम में स्थान बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार हैं- राजदीप सिंह हरगोत्रा, ऋतिक वर्मा, गोपश चंदानी, आयुष सोनी, हर्ष मानिकपुरी, हिमांशु मानिकपुरी, हिमांशु कश्यप, युवराज साहू, रूद्र दत्त, भावेश सिन्हा।एशियन जंप रोप टीम में इंडिया टीम में शामिल खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए संघ के सदस्यों ने बधाई दी।

## मैच हारने वाले कप्तानों पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली,22 अप्रैल 2024।** आईपीएल 2024 में सुपर संडे का क्रिकेट फैंस ने जमकर लुत्फ उठाया। इस दौरान विराट के विकेट पर बवाल से लेकर मैच हारने वाले कप्तानों पर लगा जुर्माना क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय रहा।

संडे स्पेशल में डबल हेडर मुकाबले का पहला मैच केकेआर और आरसीबी के बीच खेला गया। जबकि दूसरा मुकाबला जीटी और पंजाब के बीच था। दिन के हाई स्कोरिंग मैच में केकेआर ने आरसीबी को मात्र 1 रन से हराया। वहीं, जीटी और पंजाब के बीच मैच लो स्कोरिंग जरूर रहा लेकिन टक्कर कांटे की रही जहां जीटी ने 3 विकेट से जीत दर्ज की। मगर इस रोमांच के बीच एक बड़ी दिलचस्प घटना घटी जहां इस दिन मैच हारने वाली टीमों पर जुर्माना लगाया गया। हालांकि, सवाल है कि ये जुर्माना क्यों लगा? क्या ये इसलिए लगा था कि टीम हार गई या फिर वजह कुछ और थी?आईपीएल की ओर से बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी को केकेआर से मैच गंवाने के बाद 12 लाख रुपये का जुर्माना झेलना पड़ा। बयान के मुताबिक फाफ डुप्लेसी पर यह जुर्माना स्लो ओवर रेट के चलते लगाया गया। मगर पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन पर यह जुर्माना ओवर-रेट को लेकर नहीं है।आईपीएल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, सैम करन को लेवल 1 का दोषी पाया गया है, उन्होंने इस लीग की आचार संहिता की धारा 2.8 का उल्लंघन किया।यह अपराध अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने के संदर्भ में है। सैम करन ने मैच रेफरी के सामने अपना गुनाह कबूल किया है, जिसके बाद उनके मैच फीस में 50 फीसद की कटौती की गई है।

## अमिताभ बच्चन के लुक ने कल्कि 2898 एडी की बदल डाली तकदीर



### बार बार सुनेंगे यह डायलॉग, द्रोणाचार्य का पुत्र अश्वत्थामा

कल्कि 2898 एडी को लेकर कई तरह की बातें की जा रही थीं। जब इसका पहला लुक आया तो इस पर कई तरह के सवाल उठाए गए। फिल्म को लेकर कई बातें भी बनीं। फिल्म का टाइटल भी बदला गया। पहले इसको प्रोजेक्ट के कहा जा रहा था। लेकिन अब अमिताभ बच्चन के एक लुक ने सबको खामोश कर दिया है। कल्कि 2898 एडी ने अमिताभ बच्चन के कैरेक्टर से दर्शकों को रूबरू क्या कराया, सोशल मीडिया से लेकर यूट्यूब तक पर जमकर वाहवाही हो रही है। अमिताभ बच्चन प्रभास और दीपिका पादुकोण की फिल्म कल्कि 2898 एडी में अश्वत्थामा का किरदार निभा रहे हैं। उनके कैरेक्टर को जो टीजर आया है, उसमें अमिताभ बच्चन बहुत ही कमाल के लग रहे हैं। डायरेक्टर ने उनके किरदार को दमदार अंदाज में इंट्रोड्यूस करवाया है।

कल्कि 2898 एडी के इंट्रोड्यूसिंग अश्वत्थामा वीडियो में अमिताभ बच्चन के डायलॉग बहुत ही कमाल के हैं और उनकी आवाज पर खूब फबते भी हैं। अमिताभ बच्चन कहते हैं, अब मेरा समय आ गया है. मेरे अंतिम युद्ध का समय आ गया है। उनका दूसरा डायलॉग है, द्वापर युग से इंतजार कर रहा हूं दसवें अवतार का, द्रोणाचार्य का पुत्र अश्वत्थामा। इस तरह इशारा मिल गया है कि बिग बी इस फिल्म में तूफान लाने वाले हैं. फिर इस टीजर का बैकग्राउंड म्यूजिक भी बहुत ही कमाल का है। इस तरह मेकर्स दर्शकों के बीच कल्कि 2989 एडी का बज बनाने में कामयाब हो गए हैं।

इंट्रोड्यूसिंग अश्वत्थामा कल्कि 2898 एडी के इस वीडियो को लेकर दर्शकों के खूब रिएक्शन भी आ रहे हैं. यूट्यूब पर कमेंट आया है कि अमिताभ बच्चन का डायलॉग सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। वहीं एक कमेंट आया है कि कल्कि अमिताभ बच्चन टीजर रेटिंग 10 में से 10. बैकग्राउंड म्यूजिक कमाल। अमिताभ बच्चन का यंगर लुक सुपर्ब.एक शख्स ने लिखा है कि अब कह सकते हैं कि हम ग्लोबम सिनेमा में कदम रख रहे हैं।कल्कि 2898 एडी को नाग अश्विन ने डायरेक्ट किया है. कल्कि 2898 एडी हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी की मुख्य भूमिकाओं वाली इस फिल्म को पौराणिक कथाओं से प्रेरित साइंस फिक्शन फिल्म बताया जा रहा है।

## देवा के सेट से शाहिद कपूर ने शेयर किया पहला लुक





इश्क विश्क से बालीवुड में कदम रखने वाले शाहिद कपूर को इंडस्ट्री में 21 साल हो चुके हैं। इस दौरान उन्होनें कई बेहतरीन किरदारों को परदे पर जीवंत किया। पिछले कुछ सालों में अपनी फिल्मों के चयन के जरिए उन्होनें एक अलग पहचान बनाई है। हाल ही में वह फर्जी वेब सीरीज में दिखे थे। फिलहाल वह एक्शन थ्रिलर फिल्म देवा की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच शाहिद ने फिल्म के सेट से अपनी एक मोनोक्रोम तस्वीर शेयर की है। इसे लेकर उनके फैंस काफी उत्साहित हैं।शाहिद ने अपनी आगामी फिल्म देवा के सेट से खुद की एक तस्वीर साझा की। इसमें वह चश्मा लगाए कार में बैठे कैमरे से दूर कहीं देखते हुए नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होनें लिखा, आज का मूड ! शाहिद इस फिल्म में एक बगावती पुलिस ऑफिसर का किरदार अदा कर रहे हैं, जो जोखिम भरे एक हाई-प्रोफाइल केस की जांच कर रहा है। इसमें शाहिद का किरदार छल और धोखे के जाल से पर्दा हटाते हुए सच की तह तक जाता है।रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित देवा एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्माण जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स साथ मिल कर रहे हैं। रोशन एंड्रयूज सैल्यूट और कायमकुलम कोचुन्नी जैसी मलयालम फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इस फिल्म में पूजा हेगड़े और पावेल गुलाटी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म अक्तूबर में दशहरे के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी।




## टाइगर नागेश्वर राव ने तोड़े रिकॉर्ड

रवि तेजा की फिल्म टाइगर नागेश्वर राव एक बार फिर से चर्चा का विषय बन गई है। यह फिल्म साल 2023 में रिलीज हुई थी। तेलुग के बाद इस फिल्म को कुछ समय पहले यूट्यूब पर हिंदी में भी रिलीज किया गया था। अब खबर आ रही है कि फिल्म ने यूट्यूब पर धमाल मचा दिया है।यूट्यूब पर फिल्म टाइगर नागेश्वर राव के हिंदी संस्करण को 100 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। ये वाकई में बहुत बड़ी बात है। व्यूज के अलावा फिल्म लाइक्स के मामले में भी पीछे नहीं है। इस फिल्म को अभी तक 1 मिलियन से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। इन आंकड़ों से साफ है कि हिंदी पट्टी के राज्यों में यह फिल्म जलवा बिखेर रही है। हिंदी के दर्शक इस फिल्म को जमकर पसंद कर रहे हैं। दर्शकों से मिली इतनी जबरदस्त प्रतिक्रिया के चलते फिल्म के निर्माता भी काफी खुश है।फिल्म टाइगर नागेश्वर राव में रवि तेजा ने दक्षिण भारत के एक बहुत बड़े चोर की भूमिका निभाई है। वह इतना शातिर था कि उसने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रूमाल भी चोरी कर लिया था। दर्शक इस फिल्म के हिंदी संस्करण में रवि तेजा को हिंदी बोलते हुए सुन सकते हैं। इससे पहले उनकी हिंदी भाषा में डब होने वाली फिल्मों में उनकी वास्तविक आवाज नहीं होती थी। वह किसी डबिंग आर्टिस्ट की आवाज हुआ करती थी।फिल्म टाइगर नागेश्वर राव में रवि तेजा के अलावा नुपुर सेनन, गायत्री भारद्वाज, रेनू देसाई, अनुपम खेर, सुदेव नायर, नासर, मुरली शर्मा, अनुकृति, जिशु सेनगुप्ता और हरीश पेराडी ने भी अभिनय किया है। फिल्म का निर्माण अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स ने किया है। इसके निर्देशक वामसी कृष्णा हैं।

## नायरा बनर्जी बिग बॉस में बिखेरेंगी हुस्न का जलवा ?



सलमान खान के शो बिग बॉस ओटीटी 3 में जाने वाले कंटेस्टेंट के नाम लगातार सामने आ रहे हैं। मेकर्स एक से बढ़कर एक सेलेब्स को शो में आने के लिए अप्रोच कर रहे हैं। अभी तक बिग बॉस ओटीटी 3 में धमाका करने के लिए अभी तक शहजादा धामी, प्रतीक्षा होनमुखे, सना सईद, विकास जैन के नाम सामने आ रहे हैं। हालांकि, अभी तक किसी भी सेलिब्रिटी के शो में जाने को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसी तरह अब नायरा बनर्जी, जिन्हें आखिरी बार रोहित शेट्टी की खतरों के खिलाड़ी 13 में देखा गया था, के रियलिटी शो में जाने की अटकलें हैं। अच्छी बात ये है कि नायरा ने शो में जाने की अफवाहों पर रिएक्ट करते हुए चुप्पी तोड़ी है। बिग बॉस ओटीटी 3 में अपनी जाने की अफवाहों पर रिएक्ट करते हुए, नायरा बनर्जी ने बताया कि वह सलमान खान द्वारा होस्ट किये जाने वाला शो वह नहीं कर रही हैं। नायरा ने कहा कि उनसे हर साल बिग बॉस के लिए संपर्क किया जाता है। यहां तक कि बिग बॉस ओटीटी 3 के लिए भी मेकर्स ने उनसे संपर्क किया, लेकिन हमेशा की तरह उन्होंने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। एक्ट्रेस ने बताया कि वह रियलिटी शो करने के मूड में नहीं हैं। बता दें कि ये सिर्फ नायरा बनर्जी नहीं है, जिन्होंने सलमान खान के शो को मना कर दिया है। इससे पहले भी मिश्कत वर्मा, गशमीर महाजनी और कई सेलेब्स ने खुले तौर पर कहा हैं कि वह इस शो के लिए नहीं बने हैं और इसलिए वे इसमें हिस्सा नहीं लेना चाहेंगे। नायरा बनर्जी की बात करें तो एक्ट्रेस हाल ही में टीवी एक्ट्रेस निशांत मलखानी के साथ अपने ब्रेकअप को लेकर खबरों में थीं। हालांकि नायरा और निशांत ने कभी भी रिश्ते में होने की बात स्वीकार नहीं की है और हमेशा कहा है कि वे सबसे अच्छे दोस्त हैं,लेकिन ऐसी अफवाहें थीं कि दोनों कुछ सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। वहीं कुछ हफ्ते पहले ये खबर आई थी कि दोनों ने अलग होने का फैसला किया है।

## टू स्टेट्स के लिए पहली दूसरी या तीसरी पसंद भी नहीं थे अर्जुन कपूर

फिल्मी घराने से ताल्लुक रखने के बाद भी अर्जुन कपूर का फिल्म करियर कुछ खास कामयाब नहीं रहा है। वो पिछले करीब दस साल से हिट के लिए लगातार संघर्ष करते नजर हैं। तकरीबन दस साल पहले आई फिल्म टू स्टेट्स उनके फिल्मी बुके की आखिरी हिट फिल्म है। इसके बाद जो भी फिल्म रिलीज हुई। उसमें अर्जुन कपूर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके। हैरानी की बात ये है कि टू स्टेट्स के लिए भी अर्जुन कपूर मेकर्स की पहली पसंद नहीं थे उनसे पहले ये फिल्म तीन और हीरोज को ऑफर हुई थी. लेकिन किसी ने फिल्म करने से इंकार कर दिया तो किसी की बात नहीं बन सकी। आपको बताते हैं कौन से हैं वो तीन हीरोज, जिन्हें अर्जुन कपूर से पहले ऑफर हुई थी फिल्म टू स्टेट्स.टू स्टेट्स मूवी के लिए प्रड्यूसर्स की सबसे पहली पसंद सैफ अली खान थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सैफ अली खान ने फिल्म की पूरी स्क्रिप्ट भी सुनी थी.




लेकिन कहानी सुनने के बाद उन्होंने फिल्म करने से इंकार कर दिया। सैफ अली खान के बाद ये फिल्म ऑफर की गई शाहरुख खान को. बताया जाता है कि शाहरुख खान को फिल्म की कहानी बेहद पसंद आई और, उन्होंने फिल्म करने में दिलचस्पी भी दिखाई लेकिन उनकी शर्त ये थी कि वो अपने सारे प्रोजेक्ट निबटाने के बाद फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। लेकिन फिल्म के मेकर्स इतना रुकना नहीं चाहते थे। सो ये फिल्म शाहरुख खान के हाथ से भी निकल गई।

शाहरुख खान के बाद मेकर्स ने इस फिल्म के लिए रणबीर कपूर को अप्रोच किया। रणबीर कपूर से भी बातचीत के दौर चले लेकिन रणबीर कपूर और मेकर्स के बीच बात जम नहीं सकी। जिसके बाद रणबीर कपूर भी टू स्टेट्स का हिस्सा नहीं बन सके. इन तीन हीरोज के इंकार के बाद फिल्म अर्जुन कपूर की झोली में गिरी। इस फिल्म में उनकी और आलिया भट्ट की जोड़ी बेहद पसंद की गई।

## संक्षिप्त खबर

### सोनमणि बोरा को मिली नए विभाग की जिम्मेदारी



**रायपुर,22 अप्रैल 2024(ए)।** प्रतिनियुक्ति समाप्त होने के बाद केंद्र से लौटे वरिष्ठ आईएएस अफसर सोनमणि बोरा को राज्य सरकार ने नई पोस्टिंग दे दी है। उन्हें आदिम जाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है।

### अनिल टुटेजा को 2 दिन और रहना पड़ेगा जेल में



**रायपुर,22 अप्रैल 2024(ए)।** आबाकारी घोटाले मामले के आरोपी मे गिरफ्तार अनिल टूटेजा को बड़ा झटका लगा है। पीएमएलए कोर्ट के स्पेशल कोर्ट में आज उनकी सुनवाई दो दिनों के लिए टल गया है। बताया जा रहा है कि पीएमएलए कोर्ट के स्पेशल जज की छुट्टी की वजह से आज उनकी सुनवाई नहीं हुई। अब ये सुनवाई दो दिन बाद यानी 24 अप्रैल को होगी। डीजे कोर्ट ने 24 अप्रैल को पेश कर रिमांड लेने के निर्देश दिए है। आज आरोपी अनिल टुटेजा को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश किया गया था। जेल प्रबंधन ने सुरक्षा के लिए पर्याप्त बल उपलब्ध नहीं होने के कारण कोर्ट लाने में असमर्थता जताई थी।

# अमित शाह का कांग्रेस पर जोरदार हमला



» अमित शाह ने बोला हमला, पूछा...राहुल बाबा कांग्रेस के घोषणा पत्र में संपत्ति सर्वे की बात है या नहीं?

» अमित शाह ने रैली में नक्सलियों को दी खुली चेतावनी

» बचे नक्सली सरेंडर कर दो वरना लड़ाई का परिणाम आप जानते हो:अमित शाह

» 26 अप्रैल को राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद सीटों के लिए मतदान होना है...

**कांकेर,22 अप्रैल 2024(ए)।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने आज (22 अप्रैल) छत्तीसगढ़ के कांकेर में एक जनसभा को संबोधित किया। अमित शाह ने कांग्रेस और आई.एन.डी.आई. गठबंधन पर निशाना साधा। वहीं, उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के बाद आने वाले 25 वर्षों का एजेंडा है। वहीं, अमित शाह ने रैली में नक्सलवाद का भी जिक्र किया।

### नक्सली सरेंडर कर दो वरना...

अमित शाह ने कहा,पीएम मोदी ने आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म किया। 250 लोग सरेंडर हुए और मोदी जी ने देशभर से नक्सलवाद को खत्म कर दिया। नक्सलवाद की वजह से आदिवासियों के घर में बिजली नहीं पहुंच रही। बचे नक्सली सरेंडर कर दो वरना लड़ाई का परिणाम आप जानते हो।

### 70 वर्ष से अधिक के आयु वाले बुजुर्गों को मिलेगा मुफ्त इलाज:अमित शाह

अमित शाह ने सवाल पूछा कि कांग्रेस की चार पीढ़ियों ने देश में शासन किया, लेकिन कांग्रेन ने छत्तीसगढ़ के लिए क्या किया? पीएम मोदी ने देश के 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज दिया है। अब आगे के लिए मोदी जी की गारंटी है कि 70 वर्ष से अधिक के आयु वाले बुजुर्गों को भी आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज दिया जाएगा।

### कांग्रेस के घोषणापत्र पर अमित शाह ने उठाए सवाल

अमित शाह ने कहा, कांग्रेस पार्टी सिर्फ इसलिए मिर्ची लग रही है क्योंकि पीएम मोदी ने कल कांग्रेस के घोषणापत्र का जिक्र किया, जिसमें लिखा गया है कि सभी की संपत्ति का सर्वेक्षण किया जाएगा। पीएम मोदी ने कल कहा था कि सर्वेक्षण क्यों करना है? आज पूरी कांग्रेस पार्टी इस पर पीएम मोदी से सवाल कर रही है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या उनके घोषणापत्र में सर्वे की बात है या नहीं? पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने कहा था कि संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है, आदिवासियों और दलितों का नहीं। ÷

### राम मंदिर को लेकर अमित शाह ने कांग्रेस पर साधा निशाना

वहीं, अमित शाह ने राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस राम मंदिर को लेकर लटकाती और भटकाती रही है। 17 अप्रैल, 2024 को हम सबने अपने जीवन का अनुपम दृश्य देखा। 500 वर्षों से टेंट में बैठे रामलला ने अपना जन्मदिन भव्य मंदिर में मनाया, जहां उनका सूर्यतिलक किया गया

# छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पुलिस को सिखाया सबक

### मां-बेटी को बेवजह गिरफ्तार कर जेल भेजने पर 3 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश

**बिलासपुर,22 अप्रैल 2024(ए)।** न्यायधानी में पुलिस द्वारा झूठा मामला बनाकर मां-बेटी को गिरफ्तार कर जेल भेजने के मामले में हाई कोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाई है। कोर्ट ने रिटायर्ड शिक्षिका मां और इंजीनियरिंग छात्रा उसकी बेटी को बिना वारंट और बिना अपराध के गिरफ्तार कर जेल भेजने के मामले में पुलिस को 3 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने माना है कि पुलिस ने दोनों के स्वतंत्रता के अधिकार पर हस्तक्षेप किया है।

#### पड़ोसी से झगड़ा और शिकायतकर्ता पर कार्रवाई

बिलासपुर के नंदन विहार, ग्रीन गार्डन कॉलोनी की रिटायर्ड शिक्षिका अंजू लाल और उनकी बेटी इंजीनियरिंग छात्रा ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में



बताया कि उनका पड़ोसी सड़क को घेर कर बाउंड्रीवाल बना रहा था। उन्होंने इसकी शिकायत नगर निगम व जिला प्रशासन के अधिकारियों से की। इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, बल्कि 16 सितंबर 2023 को सिविल लाइन थाने से पुलिस टीम उनके घर पहुंची। उन्होंने हमें थाने चलने के लिए कहा। जब हमने वारंट मांगा तो नहीं दिखाया और पूछने पर भी अपराध के बारे में नहीं बताया।

#### थाने में मारपीट का भी आरोप

याचिका के मुताबिक थाने में शिक्षिका व उसकी बेटी को रोककर रखा गया। शिक्षिका को पुलिस ने थप्पड़ भी मारे। उसके घर में कुछ छात्र किराये पर रहते हैं, जब वे पूछताछ के लिए थाने पहुंचे तो उन्हें भी पुलिस ने धमकी दी और इस मामले में दूर रहने की चेतावनी दी। उन्होंने अपने परिचितों व वकीलों से मदद के लिए पुलिस को गुहार लगाई तो उसने इंकार कर दिया। उन्होंने एफआईआर की कॉपी भी नहीं दी।

#### पुलिस की दलील,महिला ने ही पुलिस से किया था विवाद

इधर, हाई कोर्ट के नोटिस के जवाब में पुलिस की तरफ से बताया कि पुलिस शिकायत की जांच करने मौके पर पहुंची थी। पता चला कि पड़ोसी सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर अपनी जमीन पर वैध तरीके से बाउंड्री वॉल बना रहे थे। मां- बेटी के विवाद करने की पुलिस से शिकायत की गई। शिकायत मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस से मां और बेटी ने विवाद किया। समझाइश के बाद भी रवैया नहीं बदलने पर दोनों को गिरफ्तार कर पुलिस थाने लेकर आई। इसके तत्काल बाद महिला के बेटे को उसके मोबाइल पर सूचना दी गई थी।

पुलिस ने शाम को उन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया और अगले दिन उन्हें जमानत मिल सकी।

#### स्वतंत्रता के अधिकार का हुआ उल्लंघन

हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने माना कि मां बेटी को पुलिस ने बेवजह गिरफ्तार कर संविधान में किसी नागरिक को अनुच्छेद 21 के तहत प्राप्त स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन किया है। कोर्ट ने पुलिस को आदेश दिया है कि पीड़ित मां को एक लाख रुपये व उसकी बेटी को 2 लाख रुपये क्षतिपूर्ति 30 दिन के भीतर प्रदान करे।

## भूपेश का विवादास्पद बयान



**रायपुर,22 अप्रैल 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पहले चरण का मतदान संपन्न हो चुका है। पहले चरण में छत्तीसगढ़ में बस्तर सीट पर मतदान संपन्न हुआ। वहीं, अब 26 अप्रैल को दूसरे चरण में कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद सीट पर मतदान होना है। इस चुनाव में राजनांदगांव सीट सबसे हॉट सीट माना जा रहा है, ऐसा इसलिए भी क्योंकि यहां से पूर्व सीएम भूपेश बघेल चुनावी मैदान में हैं और वो लगातार भाजपा ही नहीं अपनी ही पार्टी के नेताओं के निशाने पर हैं। भूपेश बघेल पर आए दिन कई गंभीर आरोप लग रहे हैं। हालांकि इन आरोपों पर पहले तो वो बेबाकी से जवाब देते नजर आते थे, लेकिन अब सवालों में घिरे भूपेश बघेल सवालों का जवाब देने के बजाए बौखलाने लगे हैं। जी हां ऐसा ही कुछ खैरागढ़ में देखने को मिला। दरअसल राजनांदगांव सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतरे भूपेश बघेल कल खैरागढ़ में चुनाव प्रचार कर रहे थे। यहां उन्होंने चुनावी सभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित किए जाने के बाद मीडिया ने उन्हें घेर लिया और सवालों की झड़ी लगा दी। मीडिया के सवालों को सुनते ही भूपेश बघेल बौखला गए और अकड़बाजी दिखाते हुए कह डाला तुमको जो चलाना है चलाओज्मुझे नहीं सवाल पूछोगे तो भी चलाओगे।







प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)